तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




लिंक रोड से पुराना बस स्टैंड जाने वाली सड़क पर चेम्बर खुला हुआ है। यहां मुगदलनुमा सामान रखकर किया जा रहा बचाव।

## खबर संक्षेप

### महिला उद्यमी संघ का व्यापार मेला आज से

**बिलासपुर।** महिला उद्यमी संघ द्वारा राघवेन्द्र राव सभा भवन में शुक्रवार 5 दिसंबर से तीन दिवसीय व्यापार मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 5 दिसंबर को प्रातः 11 बजे नगर विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर पूजा विधानी की अध्यक्षता में किया जाएगा।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 1 आवेदक के आवेदन के छानबीन के क्रम में 3 दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफा या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते हैं। डीईओ ने बताया कि मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा नरगोड़ा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. रमेश कुमार देवागंन के परिवार से उनके पुत्र लोकेश कुमार देवांगन ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आवेदक के संबंध में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कक्ष क्रमांक 25 पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग में निर्धारित अवधि में दिया जा सकता है। विलंब से प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### पुडू व मिट्ठू नवागांव की शासकीय उचित मूल्य की दुकान निलंबित

**बिलासपुर।** उपभोक्ताओं का ई केवाईसी नहीं कराने, धान खरीदी के लिए खाली बारदाना नहीं देने, समय पर राशन वितरण नहीं करने के आरोप में एसडीएम ने कोटा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान पुडू और मिटटू नवागांव को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोटा के शासकीय उचित मूल्य दुकान पुडु और मिट्ठूनवागांव की शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा काफी समय से की जा रही थी। वहीं तखतपुर से शासकीय उचित मूल्य दुकान जरौंधा निलम्बित किया गया है। यहां उपभोक्ताओं का ई केवाईसी नहीं कराने, धान खरीदी के लिए खाली बारदाना उपलब्ध नहीं कराने और समय पर राशन वितरण नहीं करने के आरोप में एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि पुडु में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता, केवाईसी नहीं करने, अक्टूबर माह का डीडी जमा नहीं करने व पीडीएस का बारदाना बारदाना प्रदाय नहीं करने के आरोप में इन दोनों दुकानदारों को निलंबत किया गया है। वहीं मिट्ठू नवागांव व जरौंधा में 15 नवम्बर तक खाद्यान्न वितरण नहीं करने, केवाईसी करने में उदासीनता बरती जा रही थी।

### परीक्षाओं की तैयारी करने परीक्षा 14 को

**बिलासपुर।** राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 अंतर्गत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर में अनु.जाति, अनु.जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए एसएससी, बैंकिंग भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड, व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। अभ्यर्थियों से 28 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित था। तृतीय प्रशिक्षण सत्र के लिए प्राक्चयन परीक्षा 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी प्रशिक्षण केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं। पात्र अभ्यर्थी 8 दिसम्बर से अपना प्रवेश पत्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, साइंस कॉलेज के पास, चांटीडीह रोड, बिलासपुर से प्राप्त कर सकते हैं। प्राक्चयन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र डेल्टा पब्लिक स्कूल, पुराना हाई कोर्ट के सामने बिलासपुर निर्धारित किया गया है।

# 40 हजार खसरों का अब तक पंजीयन नहीं, पतासाजी में लगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- इन खसरों पर नहीं बिक सकेगा धान
- 40 हजार खसरों की पोर्टल में अपडेटेड जानकारी नहीं

पिछले एक साल से एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन का सिलसिला जारी है। प्रशासन द्वारा इसकी मियाद भी कई बार बढ़ाई जाती रही है, लेकिन जिले में 39800 खसरे अब भी ऐसे हैं, जिन्हें पोर्टल में अपडेट नहीं किया जा सका है। इन खसरों में फसल उत्पादन नहीं किया गया है, या फिर ये विवादित की श्रेणी में हैं। प्रशासन इसकी पतासाजी में जुटा हुआ है।

खरीफ सीजन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए शासन द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन के लिए विभिन्न स्तर पर विकल्प उपलब्ध कराये गये है। इसके अंतर्गत जिले के 1 लाख 31 हजार 624 किसानों ने पंजीयन भी करा लिया है। जिले में कुल खसरों की संख्या करीब साढ़े नौ लाख है, जिसमें से 39 हजार 8 सौ खसरे अब भी ऐसे हैं, जो पोर्टल में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। ऐसे कृषकों का खसरा सीएससी आईडी से यूएफआर कर एकीकृत पोर्टल में अपलोड किये जाने का कार्य वर्तमान में जिले की सभी 114 सहकारी समितियों के द्वारा किया जा रहा है। किसानों द्वारा यूएफआर हेतु लंबित खसरों का समितियों में आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाईल नंबर एवं भूमि विवरण सहित उपस्थित होकर अपने छूटे हुए खसरों को जोड़वाया जा सकता है, ताकि धान बिक्री में कोई परेशानी न उठानी पड़े। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन का कार्य विगत लंबे समय से जारी रहने के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में रकबे का पंजीयन संबंधित किसानों द्वारा नहीं कराए जाने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। या तो उन खसरों में फसल लिया ही नहीं गया होगा, जिससे पंजीयन नहीं कराया गया। या फिर ये सभी खसरे आपसी विवाद वाले होंगे, जिससे किसानों में पंजीयन आ अपडेशन को लेकर कोई रूचि नहीं है।

इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा छूटे हुए सभी किसानों को अपनी संबंधित सहकारी समितियों में रिकार्ड अपडेट करा लेने की अपील भी की गई है।

### स्वयं अपडेट कर सकेंगे किसान

छूटे हुये खसरों को अपडेट करने का काम किसान स्वयं ही यूएफआर मॉड्यूल से कर सकते हैं। जिसका वेब लिंक **https://cgfr.agristack.gov.in/farmer-registry-cg/#/** है। इसमें जाकर लॉग इन अस को किसान सलेक्ट कर अपने आधारकार्ड नंबर से आधार लिंक मोबाईल पर ओटीपी प्राप्त कर स्वयं लॉग इन कर सकते हैं। कृषकों को एक बार स्वयं यूजर आईडी और पासवर्ड क्रिएट करना पड़ेगा। इसके पश्चात छूटे खसरों को जोड़ने हेतु यूएफआर मॉड्यूल से वे स्वयं रिक्वेस्ट कर सकेंगे। इस कार्य के लिए लगातार समिति के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में मुनादी कराने व समिति कर्मचारियों, कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के मैदानी अमलों के द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

### अपडेट करने का होना चाहिए प्रयास

जिले में अब भी 39 हजार 8 सौ खसरे पोर्टल में अपडेट नहीं हो सके हैं। खाद्य विभाग, कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा जमीनी स्तर पर संबंधित किसानों से संपर्क साधकर खसरों को अपडेट नहीं करने के कारणों को पता करने के साथ ही अपटेड करने का प्रयास किया जा रहा है।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

### अटल यूनिवर्सिटी में पूर्व राष्ट्रपति ने दिया दीक्षांत उद्बोधन




अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में स्मारिका का विमोचन करते पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व अन्य।

### छठवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल समेत मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री भी हुए शामिल

# 21 वीं सदी में सफल होने के लिए एक बार सीखना पर्याप्त नहीं: कोविंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

> अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। शोधार्थियों व मेधावी छात्र-छात्राओं को दीक्षांत उद्बोधन देते हुए श्री कोविंद ने कठिनाइयों के बीच आत्मविश्वास नहीं खोने देने की सलाह देते हुए कहा कि आपके सामने लंबी जिंदगी है और अभी बहुत आगे जाना है, इसलिए सफलता में भी विनम्रता बनाए रखें और कितनी भी बड़ी सफलता मिले, अपने अंदर अहंकार न आने दें।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने छत्तीसगढ़ी में आप मन सब्बो झन ल नमस्कार के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि उन्हें बेहद प्रसन्नता हो रही है जो महापुरुष उनके सार्वजनिक जीवन का आदर्श रहे, उनके नाम पर स्थापित इस शैक्षणिक संस्था के दीक्षांत समारोह में आने का सौभाग्य मिला है।

उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी में सफल होने के लिए एक बार सीखना पर्याप्त नहीं होता है। सफल होने के लिए ज्ञान, कौशल को लगातार निखारना होगा, नया कुछ सीखना होगा और अपने ज्ञान व कौशल को अपडेटेड रखना होगा। उन्होंने गोल्ड मेडल और उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्म-प्रबंधन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और प्रभावी संचार जैसी क्षमताओं के विकास की आवश्यकता पर बल दिया, साथ ही सफलता मिलने पर आत्ममंथन और विनम्रता बनाए रखने की सीख दी। श्री कोविंद ने अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके पालन-पोषण के दौरान कठिनाइयां आती रहीं और सीमित संसाधन रहे, लेकिन निरंतर प्रयास और ईश्वर की कृपा से वे उच्चतम पदों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कभी यह मत सोचिए कि आप पीछे रह गए हैं। यदि आप प्रयास करना नहीं छोड़ते तो आप हमेशा पहले स्थान पर हो सकते हैं।




पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद को सम्मानित करते विवि के कुलपति एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, संभागायुक्त सुनील जैन, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम, परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान सहित यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहें: राज्यपाल

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्यपाल रमेन डेका ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनेक चुनौतियां आती हैं, जिनमें कभी-कभी हम गिरते भी हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हर बार स्वयं को संभालकर फिर से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में गिरावट से भयभीत न हों और हमेशा उठने का साहस रखें। राज्यपाल ने अनुशासन को जीवन में सफलता की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि जीवन एक सुंदर यात्रा है और इसे उद्देश्यपूर्ण, सकारात्मक और सार्थक ढंग से जीना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

### विद्यार्थियों के सपनों, संकल्पों व संघर्षो का उत्सवः मुख्यमंत्री

दीक्षांत समारोह में अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए जीवन में नैतिकता, समर्पण और समाजोपयोगी योगदान की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समारोह केवल औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों, संकल्पों और संघर्षों का उत्सव है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया कि यह उपाधि उनके जीवन में नए अध्याय की शुरुआत है और इसे समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने मेधावी छात्रों को विशेष बधाई दी। अतिथियों ने विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हार का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने दिया।

# धान बेचने के लिए किसान को दिया सरकारी बारदाना फड़ प्रभारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- स्वयं के वाहन में बारदाना भरकर ले जाते पकड़ाया किसान
- शासकीय बारदाना का निजी प्रयोग प्रतिबंधित

किसान को धान बेचने के लिए सहकारी समिति के बारदाना प्रभारी द्वारा आपसी सेटिंग कर 100 नग शासकीय बारदाना उपलब्ध कराने के मामले में चपोरा खरीदी केंद्र प्रभारी व चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है। शासन के नियमों के अनुसार बारदाना शासकीय वस्तु है। किसी भी किसान को निजी उपयोग के लिए जारी करने की अनुमति नहीं है।

धान खरीदी केंद्र चपोरा में एक किसान को धान बेचने के लिए सौ नग बारदाना जारी करने का मामला सामने आया है। खरीदी केंद्र एवं बारदाना प्रभारी नरेश यादव के द्वारा गांव के ही किसान हनुमान प्रसाद पिता जगन्नाथ प्रसाद, जिन्हें 8 दिसंबर को धान बिक्री के लिए टोकन जारी किया गया था। उन्हें फड़ से सौ नग बारदाना जारी कर दिया गया। इस मामले में सहकारिता विस्तार अधिकारी कोटा व खाद्य निरीक्षक कोटा को जांच अधिकारी बनाया गया था। जांच में संबंधित किसान द्वारा धान भरने हेतु खरीदी केंद्र के चौकीदार संजय यादव से बारदाना मांग कर ले जाने की बात सामने आई। केंद्र से इस बात की पुष्टि भी हो गई थी। इस मामले में अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से खरीदी फड़ प्रभारी एवं बारदाना प्रभारी नरेश यादव व चौकीदार संजय यादव को निलंबित किया गया है।

### की गई है कार्रवाई

खरीदी केंद्र का शासकीय बारदाना किसान को निजी उपयोग के लिए देने के मामले में चपोरा खरीदी केंद्र के खरीदी व बारदाना प्रभारी एवं चौकीदार को निलंबित किया गया है।


-चंद्रशेखर जायसवाल
उपायुक्त सहकारिता

### किसान का अधिकारियों से हुआ था सामना

शासन के निर्देशानुसार जिले में पारदर्शी व सुचारु धान खरीदी संचालन के लिए प्रशासन द्वारा चौकस व्यवस्था रखी गई है। इसके अंतर्गत अधिकारियों द्वारा लगातार खरीदी केंद्रों की सतत निगरानी की जा रही है। इसी के अंतर्गत उपायुक्त सहकारिता, खाद्य नियंत्रक व जिला विपणन अधिकारी चपोरा खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान चपोरा धान खरीदी केंद्र से किसान के द्वारा अपने स्वयं के वाहन से 100 नग शासकीय बारदाना ले जाते उपरोक्त तीनों अधिकारियों ने सामने से ही देख लिया था। इसी के आधार पर अधिकारियों द्वारा मामले में जांच कराई गई थी।

# एचएम और लेक्चरर की संयुक्त वरिष्ठता के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर

**बिलासपुर।** प्रिंसिपल प्रमोशन में हेड मास्टर और लेक्चरर की संयुक्त वरिष्ठता सूची बनाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को नोटिस जारी किया है। याचिका शिक्षक आरके झा ने एडवोकेट अधिवक्ता हमीदा सिद्दीकी के माध्यम से दायर की है।



याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2008 में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रिंसिपल के पद पर पदोन्नति के लिए बनाए गए नियम में स्पष्ट था कि प्राचार्य के पद पर पदोन्नति के लिए व्याख्याता नहीं रहेंगे तब हेड मास्टर कैडर से प्राचार्य के पद पर पदोन्नति दी जाएगी। छह साल बाद वर्ष 2014 के नियम में एचएम का प्रावधान ही नहीं था। स्कूल शिक्षा विभाग के वर्ष 2019 में बनाए गए नियम में 25 प्रतिशत हेड मास्टर को प्राचार्य बनाने का प्रावधान किया गया। इस नियम के तहत हेड मास्टर के लेक्चरर के पद पर पदोन्नत हो गए। जिन हेड मास्टर की लेक्चरर के पद पर पदोन्नति नहीं हो पाई, उनकी योग्यता नहीं थी। वे हेड मास्टर ही रह गए। वर्ष 2019 के नियम का फायदा उन हेड मास्टरों को हुआ जो 2011 में योग्यता ना रखने के कारण लेक्चरर नहीं बन पाए थे, ऐसे हेड मास्टर्स प्रिंसिपल बन गए। याचिकाकर्ताओं ने नियमों के फेर में हुए नुकसान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 2011 में जिन हेड मास्टर्स की लेक्चरर के पद पर पदोन्नति हो गई थी वे मौजूदा नियमों के कारण प्रिंसिपल नहीं बन पाए और लेक्चरर ही रह गए। लेक्चरर कैडर में आने के बाद वे जूनियर हो गए और प्राचार्य के पद पर पदोन्नति से वंचित हो गए हैंकोर्ट ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# नहर निर्माण का काम पूरा, शहरी क्षेत्र में आज से होगी पानी की नियमित सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 40 हजार से अधिक लोगों की परेशानी होगी दूर

जल संकट की समस्या से जूझ रहे शहरवासियों को अब पानी की दिक्कत नहीं होगी। खूंटाघाट नहर रिपेयरिंग के बाद पानी सप्लाई शुरू की गई है। निर्माण कार्य के चलते गंदा पानी आने के कारण इसे नहर में छोड़ा जा रहा है।

गुरुवार को इस लाइन की सफाई की गई। इसके बाद शुक्रवार सुबह से शहर की पाइप लाइन में इसकी नियमित आपूर्ति शुरू की जाएगी। दरअसल, खूंटाघाट बांध से नहर के माध्यम से शहर के करीब 40 हजार से अधिक लोगों को पानी सप्लाई की जाती है।

276 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन ड्राई हो जाने के कारण पिछले करीब 20 दिनों से पानी सप्लाई पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। इसके चलते शहर के कई वार्डों में जलसंकट की स्थिति बन गई थी। हालांकि, नगर निगम ने टैंकर के जरिए लोगों को पानी उपलब्ध कराने का दावा किया था लेकिन, पानी की किल्लत में कई मोहल्लों में लोग सुबह-शाम पानी की तलाश में भटक रहे थे।

### बंद पड़े बोर से पानी सप्लाई का दावा

जल संकट बढ़ने पर नगर निगम ने बंद पड़े बोरों को चालू कर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की कोशिश की लेकिन, वर्षों से बंद बोर अचानक चालू करने पर हवा छोड़ने लगे और पानी का फोर्स बेहद कम हो गया। कुछ वार्डों में टैंकर से सप्लाई भी शुरू की गई, फिर भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था। नागरिकों ने बताया कि खूंटाघाट से नियमित सप्लाई होने के बाद अधिकांश बोर बंद कर दिए जाते हैं, ऐसे में अचानक जरूरत पड़ने पर वे बेहतर ढंग से काम नहीं कर पा रहे थे।

### शुरू की जाएगी सप्लाई

नहर रिपेयरिंग का काम अब पूरा हो गया है। जिसके बाद पानी सप्लाई कर ट्रायल शुरू किया गया है। गुरुवार को दिन भर गंदे पानी को नहर में छोड़ा गया। शुक्रवार से साफ पानी आने के बाद शहर में सप्लाई शुरू की जाएगी।

- अनुपम तिवारी,
नोडल अधिकारी


## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### छात्र की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग करेंगे यादव समाज के जिलाध्यक्ष



बिलासपुर। जिले के युवा यादव समाज के जिलाध्यक्ष अमित यादव आज स्वर्गीय हर्षित यादव के गृह ग्राम बेलगहना पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार के हालचाल की जानकारी ली और स्वर्गीय हर्षित यादव के पिता जयप्रकाश यादव को न्याय व प्रशासन से मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। बीते दिनों मल्हार स्थित नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाले 15 वर्षीय हर्षित यादव की तबीयत खराब हो गई थी। इलाज के अभाव में उसकी जान चली गई थी। इस घटना के बाद परिवार ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। आरोप था कि विद्यालय ने न तो समय पर इलाज की व्यवस्था की और न ही परिवार को बच्चे की तबियत खराब होने की सूचना दी। यादव समाज के जिलाध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि अब तक न तो स्कूल प्रशासन और न ही शासन-प्रशासन से कोई मदद मिली है। उन्होंने बताया कि वे सोमवार को अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ बिलासपुर कलेक्टर से उचित न्याय के लिए ज्ञापन देने जाएंगे। इस मौके पर अनिल यादव, धनंजय यादव, सुजीत यादव,चमन यादव,संजय यादव आदि मौजूद थे।

### पुष्कर कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में लगा दंत चिकित्सा शिविर



बिलासपुर। तिफरा स्थित पुष्कर कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में 4 दिसंबर को निः शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमे डॉक्टर सौम्या और उनके सहयोगियों ने बच्चो और उनके पालको का चेकअप किया। इस दौरान पुष्कर कान्वेंट स्कूल की प्राचार्या शशि चंद्रनाहू और उनके शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर रोक न्यायसंगत नहीं : जसबीर




बिलासपुर। पूरे प्रदेश में जमीन की खरीदी बिक्री के लिए सरकार से जारी नई दरों और रोक के खिलाफ धरना-प्रदर्शन अब उग्र होता जा रहा है। जन चेतना पार्टी के संस्थापक जसबीर सिंह चावला ने कहा कि ये तो अति हो गई कि जनता की आवाज नहीं सुनना और पूरे राज्य में अराजक माहौल फैलाना ही सरकार की फितरत हो चली है ये तो लोकतंत्र नहीं है । पुलिस और प्रशासन व्यवस्था का इन गतिविधियों को रोकना कितना मुश्किल कार्य हो जाता है। इसमें तमाम पक्षों के लोग और पुलिस घायल भी होते हैं और आवेश में अनहोनी होने की आशंका भी बनी रहती है। पार्टी के संस्थापक अभिषेक बाफना ने कहा कि किसी भी समस्या या विषय से जुड़े संगठन और संबंधित संघ से भी चर्चा कर आम राय कायम कर भी वाजिब शुल्क बढ़ोतरी की जा सकती है इतना ही नहीं 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर रोक भी न्यायसंगत तर्क वितर्क पर चर्चा करके उसे अमल में लाया जा सकता है। इससे राजस्व की हानि से बचा जा सकता है जो इन दिनों लगातार हो रही है। इसी तरह किसी विधायक की सिर्फ जिद और सरकार में होने की ताकत से व्यवस्थापन जैसे कार्य कहां तक सही है ? सरकार के मनमाने निर्णय और ज्यादतियों के लिए जनता को मूक बनकर अपना नुकसान सहकर, सिर्फ प्रदर्शन, हड़ताल कर लाठियां ही खानी पड़ेगी ।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर सक्षम सेवा संस्थान के कार्यकर्ता सम्मानित



बिलासपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 दिसंबर को शासकीय मूकबधिर विद्यालय तिफरा में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिसमें दिव्यांगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाले समाज सेवकों को भी इस कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सक्षम सेवा संस्थान के दो कार्यकर्ता अंजलि चावड़ा एवं सुश्री मंजू यादव को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक, महापौर पूजा विधानी,संयुक्त संचालक बिलासपुर टी पी भावे ने सम्मानित किया।

### 4 जिलों में 526 पुलिस पदों पर होगी सीधी भर्ती

बिलासपुर। बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली और जीपीएम जिलों के पुलिस बल में 526 विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है। आरक्षक चालक और आरक्षक ट्रेडमैन के रिक्त पदों के लिए 17 से 19 नवंबर तक ट्रेड टेस्ट आयोजित किया जाएगा। एसएसपी रजनेश सिंह ने भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता का दावा किया है, साथ ही अभ्यर्थियों को किसी भी झांसे में न आने की चेतावनी दी है। यह टेस्ट संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में 17 नवंबर से शुरू होगा। इसमें पूर्व में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण और लिखित परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। यह सीधी भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित की जा रही है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि भर्ती की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के झांसे, धोखाधड़ी या जालसाजी से बचने का आग्रह किया। बिलासपुर जिला पुलिस बल में कुल 140 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। टेस्ट के पहले दिन, 17 नवंबर को बिलासपुर जिले में आरक्षक चालक के लिए 100, आरक्षक कुक ट्रेड के लिए 5, आरक्षक नाई ट्रेड के लिए 11 और आरक्षक टेलर ट्रेड के लिए 4 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

---

**इस साल बोर्ड परीक्षाएं एक सप्ताह पहले शुरू होंगी** | **हर पेपर में 5 बहु-विकल्पीय, 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न अनिवार्य होंगे**

# 10 वीं-12 वीं बोर्ड परीक्षा के लिए नया ब्लू प्रिंट लागू, 10 साल बाद बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की तरफ से कक्षा 10 वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए नया ब्लू प्रिंट लागू किया गया है। नई शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप लगभग 10 साल बाद ब्लू प्रिंट में यह बड़ा बदलाव किया गया है। इस बार की परीक्षाएं इसी नए पैटर्न पर आधारित होंगी। नए ब्लू प्रिंट के हिसाब से इस बार परीक्षा में हर विषय में 5 बहु-विकल्पीय प्रश्न, 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न, कक्षा 11वीं-12वीं में प्रोजेक्ट वर्क अनिवार्य होगा।

गौरतलब है कि इस साल बोर्ड परीक्षाएं पिछले वर्षों से एक सप्ताह पहले शुरू होंगी। पहले परीक्षाएं 1 मार्च से होती थीं, लेकिन इस बार 20 फरवरी से शुरू होंगी। समय पूर्व परीक्षा होने के कारण प्रैक्टिकल भी इस बार 10 दिन पहले कराए जा रहे हैं। इसलिए ही माशिमं द्वारा समय-सारणी जारी भी कर दी गई है।

### 80 अंकों का ही होगा पेपर

इसके साथ ही प्रश्नपत्र में भी बदलाव किया गया है। पहले 100 अंकों की परीक्षा होती थी। अब नए सिस्टम में 80 अंकों का पेपर होगा तो 20 अंक प्रोजेक्ट में मिलेंगे। इसके साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों की प्रैक्टिकल/प्रोजेक्ट परीक्षाएं 1 जनवरी से होंगी। पिछले बार की रिजल्ट की बात करें तो 10वीं का रिजल्ट 76.53% और 12वीं का 81.87% था।




**कक्षा 10वीं में बैठने वाले परीक्षार्थी**

कुल पंजीयनः 3,23,705, नियमितः 3,16,947 प्राइवेटः 6,758
पिछले सालः 3,28,716, इस बार 5,011 विद्यार्थी कम

**कक्षा 12 वीं में बैठने वाले परीक्षार्थी**

कुल पंजीयनः 2,46,889 नियमितः 2,39,314 प्राइवेटः 7,575
पिछले वर्षः 2,40,422 इस बार 6,467 विद्यार्थी अधिक

### इस साल 10वीं में छात्रों की संख्या घटी

ध्यान रहे कि माशिमं की तरफ से कक्षा 10 वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस बार पंजीयन में 10वीं में छात्रों की संख्या घट गई है, जबकि 12वीं में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। पिछले साल की तुलना में 10वीं के विद्यार्थी 12वीं से कुल 11,478 कम हो गए हैं। मंडल के मुताबिक दोनों कक्षाओं की प्रैक्टिकल परीक्षा 1 जनवरी से आयोजित की जाएगी।

### नए ब्लू प्रिंट से बनेंगे प्रश्नपत्र

माशिमं की तरफ से कक्षा 10 वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस बार पंजीयन में 10वीं में छात्रों की संख्या घट गई है, जबकि 12वीं में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। नए ब्लू प्रिंट के हिसाब से प्रश्नपत्र बनाए जाएंगे।

**- श्रीमती संगीता गंगोत्री**, संभागीय अधिकारी, माशिमं

---

**ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम में परिवर्तित किया जा रहा**

# रेलवे कर रही निपनिया-भाटापारा के मध्य नॉन इंटरकनेक्टिविटी, रद्द होंगी ट्रेनें 6 से 8 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर ही आधुनिक एवं सुविधायुक्त तकनीकी का उपयोग कर यात्री गाड़यों की समयबद्धता तथा अधिक से अधिक ट्रैफिक के लिए प्रयासरत है।

आधुनिक एवं उन्नत तकनीक के अंतर्गत गाड़ी परिचालन में संरक्षा को और बेहतर बनाने के साथ ही लाइन क्षमता में बढ़ोत्तरी तथा गाड़ियों की गतिशील परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिग्नलिंग सिस्टम को अपग्रेड कर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम में परिवर्तित किया जा रहा है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग हेतु नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य किया जाएगा । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ।

**रदद होने वाली ट्रेनें**

- दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 07 एवं 08 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 0 7 एवं 8 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।
- दिनांक 07 एवं 08 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

**बीच में समाप्त/प्रारंभ होने वाली ट्रेनें**

- दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त होगी यह गाड़ी बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी ।
- दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 को 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया बिलासपुर से ही झारसुगुड़ा के लिए रवाना होगी । इसलिए यह गाड़ी गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी ।

### बिलासपुर-वलसाड-बिलासपुर के मध्य 4-4 फेरे के लिए साप्ताहिक ट्रेन 18 से

शीतकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों को होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्हें कन्फर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने बिलासपुर-वलसाड-बिलासपुर के मध्य 4-4 फेरे के लिये साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । इस गाड़ी में पर्याप्त संख्या में सीट उपलब्ध है। गाड़ी संख्या 08243 बिलासपुर-वलसाड शीतकालीन स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 18 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को तथा गाड़ी संख्या 08244 वलसाड-बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन वलसाड से 19 दिसम्बर से 9 जनवरी 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दोनों दिशाओं में भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगाँव, डोंगरगढ़, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बड़नेरा, अकोला, मल्कापुर, भुसावल, जलगाँव, अमलनेर, नंदूरबार, चलथान तथा भेसथान स्टेशनों में दिया गया है । इस शीतकालीन स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 5 सामान्य, 10 स्लीपर, 2 एसी-3 तथा 1 एसी-2 सहित कुल 20 कोच की सुविधा उपलब्ध है । गाड़ी संख्या 08243 बिलासपुर-वलसाड शीतकालीन स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को बिलासपुर से 16.00 बजे रवाना होगी तथा भाटापारा आगमन 16.40 बजे, प्रस्थान 16.42 बजे, रायपुर आगमन 17.45 बजे, प्रस्थान 17.50 बजे, दुर्ग आगमन 18.50 बजे, प्रस्थान 18.52 बजे, राजनादगाँव आगमन 19.13 बजे, प्रस्थान 19.15 बजे, डोंगरगढ़ आगमन 19.38 बजे, प्रस्थान 19.40 बजे, गोंदिया आगमन 20.50 बजे, प्रस्थान 20.55 बजे तथा रास्ते के ठहराव वाले अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन 13.50 बजे वलसाड पहुंचेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08244 वलसाड-बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को वलसाड से 16.50 बजे रवाना होगी तथा रास्ते के ठहराव वाले अन्य स्टेशनों से होते हुए दूसरे दिन गोंदिया आगमन 8.30 बजे, प्रस्थान 08.35 बजे, डोंगरगढ़ आगमन 9.40 बजे, प्रस्थान 9.42 बजे, राजनादगाँव आगमन 10.07 बजे, प्रस्थान 10.09 बजे, दुर्ग आगमन 10.50 बजे, प्रस्थान 10.52 बजे, रायपुर आगमन 11.35 बजे, प्रस्थान 11.40 बजे, भाटापारा आगमन 12.35 बजे, प्रस्थान 12.37 बजे तथा 13.50 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंचेगी ।

# लोको पायलटों ने की भूख हड़ताल समाप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

पिछले कई दिनों से हड़ताल पर बैठे लोको पायलटों ने अपनी भूख हड़ताल गुरुवार को समाप्त कर दी। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 27 और 28 जनवरी को हड़ताल पर जाने का संकल्प लिया है।

जोनल महासचिव वीके तिवारी ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेल महाप्रबंधक कार्यालय बिलासपुर सहित ब्रजराजनगर, रायगढ़, खरसिया, कोरबा, उसलापुर, पेंड्रारोड, शहडोल, बिजुरी, सूरजपुर, भाटापारा, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, डोंगरगढ़, गोंदिया, नैनपुर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, कलमना, नागपुर क्रू लॉबियों पर सैकड़ो की संख्या में लोको रनिंग स्टाफ 48 घंटे तक क्रमबद्ध धरने पर बैठे व भूखे रह कर गाड़ियों का संचालन किया।

रनिंगरूमों एवं प्रशिक्षण केंद्रों में खाना नहीं बना। जिसमे अस्वस्थ होने पर विद्यासागर, विनय मिश्रा, उपेन्द्र कुमार, पिंटू पटेल हास्पिटल में भर्ती हुए। भूख हड़ताल का समापन नींबू पानी पिलाकर किया गया। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मत यह संकल्प लिया कि समस्याओं का समाधान शीघ्र न होने पर आगामी 27-28 जनवरी की केंद्रीय कार्यकारणी डायरेक्ट एक्शन में जानने का निर्णय कर सकती है, हम उसके लिए तैयार हैं।

# कैट का स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा आज पहुंचेगी शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स व स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में पूरे देश में भ्रमण पर स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा चल रही है। जिसके विषय में कैट राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, बिलासपुर कैट अध्यक्ष किशोर पंजवानी, महामंत्री हीरानंद जयसिंह ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा रथ 5 दिसम्बर शुक्रवार को सुबह 10 बजे चकरभाठा से प्रारम्भ होकर सुबह 11 बजे नेहरू चौक पहुंचेगा ।

- होगी आमसभा, विधायक दिखाएंगे झंडी

देवकीनन्दन चौक पर सभा पश्चात विधायक अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी झंडी दिखाकर रथ को रवाना करेंगे। यात्रा सदर बाजार होते हुए गोलबाजार, सिटी कोतवाली, तेलीपारा रोड, पुराना बस स्टैंड, अग्रसेन चौक से श्रीकांत वर्मा मार्ग होते हुए व्यापार विहार व महाराणा प्रताप चौक पर समाप्त होगी। यहां से रथ तखतपुर होते हुए मुंगेली रवाना होगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कैट बिलासपुर के राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, जिला अध्यक्ष किशोर पंजवानी, कैट महामंत्री हीरानन्द जयसिंह, आशीष अग्रवाल, सुरेंद्र अजमानी, दिलीप खंडेलवाल, परमजीत उबेजा, विष्णु गुप्ता, अरविंद वर्मा, निहारिका त्रिपाठी, प्रतिज्ञा सिंह, बबिता ताम्रकार, फिरोज आलिम, भूमिका डोडेजा व स्वदेशी जागरण मंच से डॉ सुशील श्रीवास्तव, सोअमित्र गुप्ता, नारायण गिरी, गोस्वामी दादा, सुब्रत जाकी, अरुणा दीक्षित आदि का सहयोग मिल रहा है। स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के शहर पहुंचने का इंतजार भी शहरवासियों को रहेगा। इसके स्वागत के लिए सभी ने तैयारियां कर रखी है।

## जहर सेवन कर विवाहिता ने दी जान, पति ने बताया करंट से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

दहेज में बड़ा एलईडी टीवी और बाइक नहीं मिलने पर युवक ने अपनी पत्नी को प्रताड़ित किया। इससे तंग आकर महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। इधर युवक ने अपनी करतूत दबाने के लिए पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी कूलर की करंट के चपेट में आ गई थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

बिल्हा क्षेत्र के देवकिरारी में रहने वाली पूजा चक्रधारी(25) की शादी राकेश चक्रधारी से हुई थी। महिला के पिता चुन्नू चक्रधारी और मां चंद्रिका बाई ने बताया कि शादी के बाद से राकेश बड़ा एलईडी टीवी और बाइक नहीं लाने की बात कहते हुए उनकी बेटी को परेशान करता था। दहेज के लिए वह अपनी पत्नी से आए दिन मारपीट करता था। महिला ने इसकी जानकारी मायके वालों को दी। साथ ही समाज के प्रमुख लोगों को भी इसकी जानकारी थी। समाज के लोगों ने राकेश को समझाइश भी दी थी। इसके बाद भी उसकी हरकतें नहीं सुधरी। राकेश ने चुन्नू को 27 मई की रात मोबाइल पर काल किया। उसने बताया कि पूजा की तबीयत खराब है। जब वे अस्पताल पहुंचे तो राकेश ने बताया कि पूजा को कूलर से करंट लग गया था। इसके कारण उसे अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। दामाद की बातों पर शंका होने पर उन्होंने थाने में शिकायत की। बयान के आधार पर पुलिस ने शव का पीएम कराया। साथ ही बिसरा प्रिजर्व कर जांच कराया गया। बिसरा जांच में पता चला कि महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 80 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ट्रेन के समाने कूदकर युवक ने दी जान

तिफरा ओवरब्रिज और अमेरी फाटक के बीच एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। रात करीब 7.30 बजे की घटना है। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने शव की तलाश शुरू कर दी। करीब डेढ़ घंटे तक ट्रेक पर पैदल चलकर शव को खोज निकाला। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि तिफरा ओवरब्रिज और अमेरी फाटक के बीच युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी है। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस की टीम तिफरा फाटक के पास से पैदल ट्रेक पर चलकर लाश की तलाश में जुट गई। अंधेरा होने के कारण पुलिस को शव की तलाश में करीब डेढ़ घंटे लग गए। इसके बाद पुलिस ने शव की पहचान कराने आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसमें शव की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया है। शव की पहचान होने के बाद पीएम कराया जाएगा।

### आंबा कार्यकर्ता के रिक्त पद पर आवेदन 18 तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत टांटीधार के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बगथपरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 रिक्त पद पर 18 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका बंद लिफाफे में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा में आवेदन कर सकती हैं। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है। आवेदिका का 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर हुए आयोजन, प्रतिभाशाली बच्चों को किया गया सम्मानित**

# संविधान निर्माण में योगदान देने वाले विरासत एवं संस्कृति के पोषक थे डॉ. राजेंद्र बाबूः अमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



विलक्षण प्रतिभा के धनी संविधान निर्माण में योगदान देने वाले विरासत एवं संस्कृति के पोषक थे डॉ. राजेन्दर बाबू। उक्त बाते इमलीपारा स्थित भोजपुरी समाज भवन में प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्दर प्रसाद की जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कही।

विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद छात्र जीवन से लेकर स्वतंत्रता सग्राम के आंदोलन एवं आजादी प्राप्ती के बाद संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में संविधान निर्माण एवं 10 साल प्रथम एवं द्वितीय राष्ट्रपति रहते हुए उनके कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता। श्री अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में अपनी विरासत एवं संस्कृति के लिए गए दृढ निर्णयों को आज भी हम सब याद करते हैं। कार्यक्रम को महापौर पूजा विधानी, पार्षद सीमा सिंह, प्रवीण झॉ, डॉ ब्रजेश सिंह, एस.के.सिंह एवं अभयनारायण राय, संजय सिंह राजपूत, एनपी शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ब्रजेश सिंह ने की। इस अवसर पर एमपी शर्मा, राजकिशोर मिश्रा, एस.के.सिंह, भोजपुरी समाज के अध्यक्ष विजय ओझा, महासचीव बी.एन.ओझा, बिनोद सिंह मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुधीर झॉ, रोशन सिंह, सुभाष तिवारी, मुन्ना सिंह, बिहारी चौधरी, मुरारी दुबे, बबलू कश्यप, विनोद पाण्डेय, डॉ. कुमुद रंजन सिंह , हरेन्द्र तिवारी आदि मौजूद थे।

## सफल निःशक्त व्यक्तियों के जज्बे के सामने दिव्यांगता बाधक नहीं बनी




तीन दिसंबर विश्व दिव्यांगता दिवस पर समग्र शिक्षा बिलासपुर और रोटरी बिलासपुर क्वींस के तत्वावधान में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए ज़िला स्तरीय क्रीड़ा,साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन देवकीनंदन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम में ज़िले के 98 अस्थि बाधित, श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित और बौद्धिक निःशक्त बच्चे, उनके अभिभावक, शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल और अध्यक्षता मेयर पूजा विधानी ने की। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कहा कि दुनिया के अनेकों निःशक्त व्यक्ति ने सफलता अर्जित कर यह सिद्ध किया कि उनके जज्बे के सामने दिव्यांगता बाधक नहीं बनी। मेयर पूजा विधानी ने ऐसे आयोजन को आवश्यक और अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में ज़िला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे, डी एम सी ओम पांडेय, डा अखिलेश तिवारी, डा मुकेश पांडेय, रोटरी क्वींस से प्रेसीडेंट सीमा ठाकुर, भारती सालुंके, वंदना सिंह, संगीता चोपड़ा, रश्मि जैन, एकता वीरवानी, स्वाति श्रीवास्तव, रचना सिंह, सुनीता अग्रवाल, श्रृष्टि चौकसे, रिंपी होरा, अमीता गोयल, श्याम नारायण पांडेय, सुदीप, भूपेन्द्र, कमलेश, विनीता, आराधना, रितेश सिंह, सुभाष त्रिपाठी, धीरेंद्र पाठक, निशा दुबे, मधु के साथ साथ अन्य शिक्षक प्रतिभा अवस्थी, विद्या नायर, ज्योति कौशिक आदि मौजूद थे। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




धर्मक्षेत्र

## अदभुत संयोग के साथ अगहन गुरुवारी पूजा का हुआ समापन

### महिलाओं ने भोर में पूजा कर की आराधना



**बिलासपुर।** गुरुवार 4 दिसंबर को अगहन गुरुवारी पूजा का अंतिम सप्ताह रहा। इस दिन महिलाओं ने भोर में पूजा कर मां लक्ष्मी की आराधना की। व्रतियों ने बताया कि माह में पड़ने वाले इन सभी पांचों गुरुवार का काफी महत्व रहा।

अलग-अलग गुरुवार को अलग-अलग पकवानों के भोग लगाए गए। इस पूजा के चलते पूरे माह भर घर का माहौल आध्यात्ममय रहा। कई लोगों ने व्रत भी रखा। उल्लेखनीय है कि इस साल अगहन माह गुरुवार को शुरू होकर गुरुवार को ही खतम हुआ। पूर्णिमा पड़ने के कारण इसे एक अदभूत संयोग माना जा रहा है।

आयोजन

## राजकिशोर नगर में गायत्री महायज्ञ आज से, निकलेगी कलश यात्रा



**बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में शक्ति संवर्धन हेतु 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुक्रवार 5 से 8 दिसंबर तक आर.आर. रिसॉर्ट के पास सीपत रोड के पास किया जा रहा है।

**गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह का है रजत जयंती समारोह**

कलश यात्रा 5 दिसंबर को प्रात:11 बजे गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह से निकलकर, अपोलो हॉस्पिटल होते हुए प्रभात चौक, चिंगराजपारा होकर, पटवारी प्रशिक्षण केंद्र मेन रोड, बसंत विहार, राजकिशोर नगर की ओर, बजरंग चौक, शक्ति चौक, परशुराम चौक, कलचुरी आवास होते हुए आर.आर. रिसॉर्ट के पास यज्ञ स्थल पहुंच कर समाप्त होगी। इस महायज्ञ कार्यक्रम में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, शिखा स्थापन, विद्यारंभ दीक्षा, जनेऊ, विवाह, वानप्रस्थ आदि सभी संस्कार नि:शुल्क कराए जाएंगे। साथ ही जोड़ी में एक साथ बैठने वाले पति-पत्नी के लिए देव दंपती संकल्प पत्रक भी बनाए गए हैं।

कार्यक्रम

## इनरव्हील क्लब ट्रांस अरपा ने वृद्धाश्रम में किया सहयोग



**बिलासपुर।** इनरव्हील क्लब ट्रांस अरपा ने लिंगियाडीह स्थित महिला वृद्धाश्रम माता रानी की कुटिया में रहने वाली वरिष्ठ महिलाओं के लिए उपयोगी सामग्री प्रदान की।

**संवाद कर महिलाओं को किया प्रोत्साहित**

इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं राशन, अनाज, तेल व अन्य सामग्री दी गई। इस सेवा कार्य में क्लब की अध्यक्ष नीता महेश्वरी, रचना सिंह, दीपाली दुआ, ऋचा जायसवाल, रीमा गुप्ता एवं अर्चना केडिया उपस्थित रहीं। क्लब सदस्यों ने वृद्धाश्रम की वरिष्ठ महिलाओं से संवाद भी किया। अध्यक्ष श्रीमती माहेश्वरी ने बताया कि इनरव्हील क्लब ट्रांस अरपा का उद्देश्य जरूरतमंदों को सहयोग करना, संवेदना और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है।



### अटल यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह

# मेधावी 66 छात्र-छात्राओं को दिए गए 92 गोल्ड मैडल, 64 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि

अटल यूनिवर्सिटी के छठवें दीक्षांत समारोह में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं ने बाजी मारी है। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2024-25 में विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची में आने 66 छात्र-छात्राओं को कुल 92 गोल्ड मेडल प्रदान किए गए, जिसमें से गोल्ड मेडल पाने वाली 52 छात्राएं हैं, जबकि 14 छात्रों को गोल्ड मैडल मिला है। इसी तरह 64 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। गोल्ड मैडल व उपाधि पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशियां छाई रहीं।

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी का छठवां दीक्षांत समारोह देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य एवं राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा एवं कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

दीक्षांत समारोह दो चरणों में हुआ, जिसमें प्रथम चरण में अतिथियों के हाथों 11 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मैडल व पीएचडी उपाधि प्रदान की गई, उसके बाद दूसरे चरण में बाकी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मैडल, उपाधि पदान की गई। दीक्षांत समारोह दौरान मंच से वर्ष 2024-25 के विभिन्न संकायों के 36 हजार 950 विद्यार्थियों को स्नातक-स्नातकोत्तर उपाधि देने की घोषणा की गई। इसके साथ ही प्रावीण्य सूची में आने वाले 66 छात्र-छात्राओं को कुल 92 गोल्ड मैडल प्रदान किए गए हैं, जिसमें 14 छात्र व 52 छात्राएं शामिल हैं। इस तरह दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल पाने वालों में छात्रों के अपेक्षा छात्राओं ने बाजी मारी है, जिसका मंच से मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी तारीफ की। इसके अलावा दीक्षांत समारोह में 64 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। गोल्ड मैडल, उपाधि पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठें और एक-दूसरे को बधाई देने व मोबाईल से सेल्फी, फोटो का सिलसिला चलता रहा। दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राएं दीक्षांत दीक्षांत वेशभूषा छात्र सफेद कुर्ता-पायजामा एवं गुलाबी पगड़ी एवं छात्राएं कोसा की साड़ी और गुलाबी पगड़ी में नजर आई।

### इस बार भी छात्राएं रहीं आगे





### शशिबाला को मिले 6 मैडल



बिलासपुर निवासी एलएलबी छात्रा शशिबाला सिंह को आज दीक्षांत समारोह में अतिथियों के हाथों 6 गोल्ड मैडल प्रदान किए गए। छात्रा शशिबाला को यूनिवर्सिटी मैडल के अलावा पांच दानदाताओं द्वारा पदत्त मैडल मिले हैं। शशिबाला का कहना है एलएलबी की तैयारी घर पर ही विडियो आदि सर्च करके की है और आगे प्रेक्टिस के लिए किसी चेम्बर को ज्वाइन करने की दिलचस्पी है उसके लिए प्रयास करेंगी।

### त्विशा को मिले तीन मैडल



बैचलर ऑफ आर्टस संकाय से तीन मैडल प्राप्त करने वाली त्विशा सिंह ठाकुर बिलासपुर की निवासी है। उनका कहना है वे नई चीजें खोजती है अपने बारे में और समाज के बारे में भी इसलिए आगे क्या करना है यह उन्होंने अभी नहीं सोचा है।

### माधुरी को बनना है प्रोफेसर



दीक्षांत समारोह में गोल्ड मैडल पाने वाली छात्रा माधुरी राठौर ने सीएमडी कालेज से केमेस्ट्री में मास्टर डिग्री की है। आगे प्रोफेसर बनना चाहती है इसलिए नेट, टेट, गेट की तैयारी कर रही है। उनके पिता एसईसीएल में है माता हाउस वाईफ है।

स्पोर्टर्स न्यूज

## एलसीआईटी कालेज की टीम क्वार्टर फाइनल में



**बिलासपुर।** एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस ने सेक्टर स्तरीय पुरुष प्रतियोगिता में मुंगेली कालेज को 110 रन से हराकर प्री क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन डीएलएस कॉलेज की मेजबानी में 10 दिसंबर तक आधारशिला सैनिक स्कूल क्रिकेट मैदान पर आयोजित किया जा रहा है।

गुरुवार को एलसीआईटी कालेज विरुद्ध फ़ास्टरपुर कालेज मुंगेली के मध्य मैच खेला गया, टॉस फ़ास्टरपुर के कप्तान ने जीतकर पहले गेन्दबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 12 ओवर के मैच मे एलसीआईटी कालेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाएं। एलसीआईटी कालेज की तरफ से सलामी बल्लेबाज अक्षय श्रीवास्तव ने 3 चौके व 3 छक्के की मदद से 38 रन बनाएं। वही तीसरे नंबर के बल्लेबाज जयमित ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 5 चौके व 5 छक्के की मदद से 57 रन बनाये कप्तान प्रशांत ठाकुर ने अंत मे 1 छक्के व दो चौके की मदद से 20 रन बनाये 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए फ़ास्टरपुर मुंगेली की टीम 9 विकेट पर 54 रन ही बना पाया। एलसीआईटी की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज प्रशांत ठाकुर रहे 3 विकेट लिया, दिलीप और युवराज परिहार को 2-2 विकेट मिला। टीम का प्री क्वाटर फाइनल मैच शनिवार को होगा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय, एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस प्राचार्य डॉ अर्चना शुक्ला ने शुभकामनायें दी।

## राष्ट्रीय जम्बूरी में बिलासपुर के स्काउट्स गाइड्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले में बिलासपुर के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने भागीदारी की। 19वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबली जम्बूरी का भव्य आयोजन वृंदावन परिसर में हुआ,जिसमें देश- विदेश से 35 हजार से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव,भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा व राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से 363 के दल ने जम्बूरी में भागीदारी की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिले के 6 स्काउट एवं,8 गाइड व 3 सर्विस रोवर,1 सर्विस रेंजर के रूप में सम्मिलित हुएं एवं विभिन्न- मार्च पास्ट, लोक नृत्य, फूड प्लाजा, स्किल- ओ- रामा, फिजिकल डिस्प्ले, कलर पार्टी, एथनिक फैशन शो, राज्य प्रदर्शनी, रंगोली, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, स्टेट गेट, कैंप क्राफ्ट, चलित झांकी, कैंप फायर, टेंट पिचिंग, यूथ प्रोग्राम एवं एडवेंचर आदि




प्रतियोगिता एवं गतिविधियों में भागीदारी निभाया। विभिन्न साहसिक खेलों का भी लुत्फ उठाया गया, प्रतिभागियों को सेना के हथियारों को देखने और उसकी उपयोगिता की जानकारी मिली तथा सम- सामयिक विषयों से संबंधित स्टॉल्स का अवलोकन किया गया।

## खबर संक्षेप



### सट्टा खिलाते आरोपी को किया गिरफ्तार

**जरहागांव।** एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर सभी थाना व चौकी क्षेत्र में सट्टा-जुए सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबीर सूचना पर जरहागांव पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने जरहागांव निवासी रितिक साहू पिता हेमंत उम्र 25 वर्ष को अंको पर सट्टा खिलाते हुए धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा-पट्टी, 4 हजार 500 रूपए नकद, 1 डॉट पेन, एक मोबाइल कीमती 10 हजार रुपए रूपये सहित कुल 14 हजार 500 रूपए का सामान बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 6 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

## निधन

### भवरकली देवी पांडेय



**बिलासपुर।** सीपत रोड सरकण्डा निवासी भवरकली देवी पाण्डेय 95 वर्ष का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया। वे रामसुशील पाण्डेय की माता, डॉ. गायत्री प्रसाद पाण्डेय की भाभी एवं नागेन्द्र कुमार पाण्डेय की बडी मां थीं।

### अब्दुल गफ्फार खान



**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी अब्दुल गफ्फार खान का निधन हो गया। उन्हें 3 दिसंबर को जोहर की नमाज के बाद मरीमाई तालापारा कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया गया। वे नौशाद खान, नाजिम खान के पिता एवं शादाब खान, शानूल खान के चाचा थे।

### शीला रानी वाधवा



**मुंगेली।** नगर की प्रतिष्ठित वाधवा परिवार की सदस्य शीला रानी वाधवा पति स्व बलराम वाधवा का 4 दिसम्बर गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 दिसम्बर शुक्रवार को सुबह 9 बजे दाऊपारा चौक से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनीष एवं रितेश की माता थीं।

### मयाराम पटेल



**तखतपुर।** वार्ड 11 निवासी मयाराम पटेल 58 वर्ष की आयु में 3 दिसम्बर को निधन हो गया।इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे चिंताराम पटेल, जगदीश पटेल के भाई, राजेंद्र, राजकुमार, राकेशपटेल के पिता थे।

### सीताराम मंडावी



**जरहागांव।** सेमरचुवा निवासी सेवानिवृत शिक्षक सीताराम मंडावी का 65 वर्ष के आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे विनोद मंडावी, पिंटू, प्रमोद, प्रताप, प्रकाश, प्रभात मंडावी के पिता थे।

### बसंत लाल साहू



**बिलासपुर।** नया सरकंडा बंगालीपारा गली नं 2 निवासी बसंत लाल साहू का गुरुवार 4 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी । वे राजकुमार, निर्मल, मुकेश व कमलेश के पिता थे।

## महिला ने बच्चों सहित भागकर बचाई जान

# हाथियों का उत्पात जारी, छपरवा में कच्चे मकान को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी




अचानकमार टाइगर रिजर्व के सुदूर वनांचल क्षेत्र केंवची-अमरकंटक मार्ग स्थित ग्राम छपरा में बीती रात हाथियों के दल ने मुख्य मार्ग पर स्थित दुर्गा मंदिर के समीप कच्चे मकान को तोड़कर राशन सामग्री चट कर दिया। वन विभाग टीम घटना स्थल पहुंच कर मुवायजा प्रकरण बनाने जुट गई है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात लगभग 2.30 से 3 बजे के बीच चार हाथियों का जंगली हाथियों का दल खाने की तलाश में ग्राम छापरवा के दुर्गा मंदिर के पास पहुंच कर एक घर पर हमला बोल दिया। हाथियों ने घर में रखे राशन सामग्री को आहार बनाते हुए अनेय घरेलू उपयोग के सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। अचानक हुए हाथियों के हमले से मकान में रहने वाली गंगाबाई पति शिवदयाल ने अपने बच्चों सहित घर से भागकर जान बचाई एवं ग्रामीणों ग्रामीणों के साथ मिलकर हाथियों को भगाने के लिए कड़ी मशक्कत की। आर्थिक क्षति- ग्रामीणों ने बताया कि, पीड़ित के घर में चार कुर्सी, सोलर पैनल लाइट, 500 लीटर के सिंटेक्स पानी टंकी एवं 50 किलो चावल को खाकर सहित मकान को बुरी तरह से ध्वस्त कर जंगली हाथियों ने आर्थिक क्षति पहुंचाई है। गौरतलब है, कि चार हाथियों का दल इस समय खरीफ फसल धान किसानों के खेत, खरही एवं घरों में रखे धान को खाने की लालच में बस्तियों की ओर आ रहे हैं एवं लोगों के घरों व फसलों को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में भव्य व्याप्त है, साथ ही घरों के सामने वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों ने मकान के सामने अलाव जलाकर रखवाली करना भी शुरू कर दी है।

एटीआर प्रबंधन व कर्मचारियों द्वारा सूचना देकर हाथियों से दूर रहने एवं सुरक्षात्मक उपाय ग्रामीणों को बताया जा रहे हैं, जिससे कि आपसी मुठभेड़ एवं जानमाल की रक्षा हो सके। छपरवा सरपंच अनिल अनंत ने बताया कि, दुर्गा मन्दिर के पास कच्चे मकान को हाथियों ने तोड़कर नुकसान किया है, जिसमें महिला भागकर जान बचाई है। मुवायजा प्रकरण के लिये वनविभाग को सूचित किया गया है।

## आरा मशीन सहित 3 लाख की अवैध इमारती लकड़ी जब्त



**लोरमी।** ग्राम बिचारपुर वन विभाग की टीम ने 3:30 घन मीटर अवैध सागौन का लट्ठा चिरान लगभग 3 लाख की अवैध इमारती लकड़ी को जब्त कर लिया। साथ ही अवैध आरा मशीन को जब्त कर सील किया गया। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी क्रिस्टोफर कुजूर एवं उनकी टीम ने गुरुवार को अवैध सागौन भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान आवासीय परिसर में अवैध रूप से सागौन का संग्रहण तथा बिना अनुमति आरा मशीन का संचालन पाया गया, जिसे जब्त कर लिया गया। मौके पर सुनील राजपूत पिता भोलाराम राजपूत निवासी ग्राम विचारपुर से 31 नग सागौन चिरान 2.406 घन मीटर एवं वीरेंद्र राजपूत पिता रामचन्द्र राजपूत निवासी ग्राम विचारपुर से 25 नग सागौन चिरान 1.131 घन मीटर सहित एक अवैध आरा मशीन जब्त की गई। जब्त सामग्री एवं आरा मशीन के आधार पर आरोपियों विरुद्ध वन अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण की विस्तृत जांच की जाएगी और दोषियों पर काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## टोकन कटाने को लेकर ऑपरेटर के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज



लोरमी। ग्राम डोंगरिया सोसाइटी में किसान ने टोकन कटवाने को लेकर ऑपरेटर के साथ मारपीट कर दी। क्षेत्र के सभी ऑपरेटर एवं प्रबंधक पीड़ित के साथ थाना पहुंचे एवं आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस से मिली जानकारी धान खरीदी केन्द्र डोंगरिया सोसायटी में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत नितेश पिता रामपद कश्यप निवासी ग्राम लालपुरकला 4 दिसम्बर को सुबह 11.35 बजे बजे कार्यालय का काम कर रहा था। इसी दौरान ग्राम डोंगरिया निवासी किसान आशुतोष पांडेय पिता दिनेश पांडेय खरीदी केंद्र में आकर बोला कि, मेरी धान का टोकन तुरंत काटो। इस पर आपरेटर ने कहा कि, अभी कार्यालय का काम कर रहा हूं, आधा घंटा बाद सभी किसानों का टोकन जारी किया जाएगा। इसी बात को लेकर दोनों की बीच विवाद हो गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ति ऑपरेटर ने बताया कि, आशुतोष पांडेय ने मेरा टोकन कैसे नहीं काटोगे कहते हुए गाली-गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी, जिसमें उसके के बांएं गाल में चोट आई है। पीड़ति के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296,115(2),351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चे।

## तक्षशिला विद्यालय में मना भारतीय नौसेना दिवस

**मल्हार।** गुरुवार को तक्षशिला उमा विद्यालय जोंधरा में भारतीय नौसेना दिवस धूमधाम एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय नौसेना के प्रति सम्मान, अनुशासन एवं राष्ट्र-सेवा की प्रेरणा जगाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस इकाई ने जागरूकता रैली से की। इस मौको पर नौसेना दिवस का महत्व और भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा में भूमिका के बारे में संदेश दिया गया। समारोह में प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी ने नौसेना के इतिहास, 1971 के 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' तथा युवाओं के लिए नौसेना में करियर अवसरों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य पुनेशकुमार पटेल, कार्यक्रम अधिकारी पुरन सिंह, बलराम दिनकर, चन्द्रकला पटेल, देव पटेल, हेतराम पटेल, मोतीराम कश्यप, प्रीतम पटेल, राजेश कुमार यादव, सीमा साहू, वीरेंद्र साहू, कुंती, कामिनी, गीतांजलि, गीता, निहारिका, निशा, प्रतीक्षा, रीमा, मुस्कान, स्नेहा, साहिल कुमार, शिव कुमार, सूर्यकान्त, आकाश मरकाम, अमितकुमार, अनुराग, उदय, किशन, कामता पटेल, देवपटेल, नीतीशा चंदेल, प्रीतम, हरीश पटेल, साहिल केवर्त आदि शामिल हुए।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सम्मान समारोह

### 40 को सहायक उपकरण, 79 को प्रमाण पत्र किए गए वितरित



मेडल प्राप्त करने वाले दिब्यांगजनों को सम्मानित करते अतिथि।

**गौरेला।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर बुधवार 3 दिसम्बर को समाज कल्याण विभाग कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों का जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने फूल-माला, शॉल एवं पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस मौको पर 40 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और 79 दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में 250 से अधिक दिव्यांगजन एवं अभिवावक उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने चिन्हांकित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किए। इनमें ट्रायसायकल 2 नग, व्हीलचेयर 4 नग, श्रवण यंत्र 8 नग, बैसाखी 14 नग, छड़ी 10 नग एवं वाकर 2 नग शामिल रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगरपालिका गौरेला अध्यक्ष मुकेश दुबे मौजूद रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने की। इस अवसर पर जिपं सदस्य पवन पैकरा, भंवर सिंह गोस्वास, सरपंच सेमरा तुफान सिंह, नागरिक बृजलाल राठौर, तापस शर्मा, ठाकुर रामप्रकाश सिंह, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक, जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, प्रभारी सहायक संचालक समाज कल्याण सुरेश कुमार भारती, संचालक जनविकास परिषद मनोज जांगडे, कोमल सोनी सहित दिव्यांग पुनर्वास कार्यकर्ता, दिव्यांग मितान एवं अभिवावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारी दिनेश दाउ ने किया।

## भाटापारा कड़ार में आदर्श क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बोदरी।** ग्राम भाटापारा कडार में आदर्श क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ब्रजेश दुबे ने ने कहा कि, खेल आपस में भाईचारा बढ़ाने का सशक्त माध्यम है, इससे लोगों में आपसी जुड़ाव बढ़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय लिया एवं सिक्का उछलकर टॉस कराया।

इस अवसर पर पंचों में राजेश यादव, गजानंद वर्मा ,माधव वर्मा, कार्तिक वर्मा, किशोर वर्मा नरेश वर्मा ,देवेंद्र वर्मा, लोकेश वर्मा, गंगाराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में गांव के नागरिक उपस्थित थे। उद्घाटन मैच ग्राम हिर्री एवं ग्राम किरारी के मध्य खेला गया। इस वर्ष की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपए नगद एवं कप, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपए नगद एवं कप निर्धारित है। इसी प्रकार मैन ऑफ द सीरीज 1100 रुपए, फाइनल मैन ऑफ द मैच 500 रुपए, हैट्रिक छक्का 101 रुपए, हैट्रिक चौका 101 एवं हैट्रिक विकेट पर 101 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए प्रवेश शुल्क 1 हजार 300 रुपए रखा गया है। आयोजन समिति में आयुष वर्मा, सुनील वर्मा, गोविंद वर्मा, अभिषेक रजक, संतोष रजक, अनिल वर्मा, तुलाराम वर्मा, राजेश यादव, दुर्गेश वर्मा, अखिलेश यादव, बबलू वर्मा एवं विशेष सहयोगियों में अशोक वर्मा, अरुण वर्मा, दीपक रजक एवं भारत वर्मा शामिल है।

### 'एक शाम- सैनिकों के नाम' कार्यक्रम 7 को

**लोरमी।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर पुरनदास तिलमत बाई जन सेवा समिति एवं नेहा पब्लिक स्कूल के सौजन्य से 'एक शाम- सैनिकों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नेहा पब्लिक स्कूल तुलसाघाट लोरमी में किया जाएगा।

## डोंगरिया में एनीकट निर्माण के लिए 556 लाख की स्वीकृति

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण ने क्षेत्र किसानों को बड़ी सौगात दी है। डोंगरिया में एनीकट निर्माण 100 एकड़ खेतों को सिंचाई के साथ जलसवर्धन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। एनीकट निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 68 लाख 11 हजार स्वीकृति हुई है, जिसकी निविदा हो चुकी है एवं जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। ग्राम डोंगरिया एवं जमुनाही के किसानों के लगभग 100 एकड़ फसल के सिंचाई होगी। क्षेत्र के लोगो को भीषण गर्मी में वाटर लेबल भी बना रहेगा। कार्यपालन अभियंता मनियारी जल संसाधन संभाग एचडी सिंह से मिली जानकारी के अनुसार मनियारी नदी में ग्राम डोंगरिया एनीकट का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। योजना के लिए जल संसाधन विभाग की ओर से 12 दिसंबर 2024 को 556.59 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना से जल संवर्धन, निस्तारी एवं आवागमन सुविधा के साथ ही ग्राम डोंगरिया एवं जमुनाही के 50 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ एवं 50 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी कुल 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सोलर संयंत्र के माध्यम से सिंचाई किया जाना प्रस्तावित है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, यह निर्माण किसानों एवं ग्रामीणों के वरदान साबित होगा।

## मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मल्हार नवोदय को 3 गोल्ड



**मल्हार।** मध्यप्रदेश के रीवा में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मल्हार नवोदय विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन। जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार ने मध्यप्रदेश में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर तथा 400 मीटर में तीन गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय व प्रदेश को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए थे। नवोदय विद्यालय समिति से इस प्रतियोगिता में अजय कुमार सिंह के अलावा किरण कुशवाहा मल्हार बिलासपुर ने भी महिला वर्ग से सहभागिता ली थी। उन्होंने रीवा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन गोल्ड मेडल अपने नाम किए। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में 200 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के समक्ष आयोजित की गई थी। इसके पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए किरण कुशवाहा को उपमुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता अजमेर में आयोजित की जाएगी, उसमें मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे जो रीवा जिले के लिए गौरव की बात है।

**सूचना**

मैं मनीष सोनी पिता प्रदीप सोनी निवासी तेलीपारा, गोल बाजार, बिलासपुर का हूँ, मैं मनीष अवस्थी जी से सरकंडा जोरापारा, जोकि श्रीमती वंदना अवस्थी जी के नाम पर है उनको परिवर्तित भूमि जिस पर निर्मित मकान मौजा सरकंडा प.ह.न. 32 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ में स्थित है जिसका खसरा नंबर 427/21 रकबा 2187 वर्गफुट भूमि है जो की संबंधित भू अभिलेख राजस्व प्रपत्रों में वंदना अवस्थी जी के नाम पर दर्ज हैं, तथा उक्त भूमि कहीं भी किसी भी निजी कार्य हेतु रकम की आवश्यकता है इस हेतु वह अपनी 1200 इस वर्गफुट मुझे (मनीष सोनी) को बेच रही है, मैं इस भूमि को क्रय करना रहा हूँ।

जिसको इस भूमि से आपत्ति हो वह मुझे तीन माह के अंदर इस नम्बर पर संपर्क करें **मो. 7999502509**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन **क्रमांक एल.आई.जी.-1045,** आबंटी **श्री मनीष सिंह** पिता श्री रघुवीर सिंह, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक-08.12.2011 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता **श्री सुचित कुमार मिश्रा** पिता श्री एस.एस. मिश्रा, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिन** के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /अ-6-अ/2025-26

-:: ईश्तहार ::-

पक्षकार :- श्रीमती अचला द्विवेदी पति कुमुद द्विवेदी .........आवेदिका

बनाम

छ.ग. शासन ..................अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अचला द्विवेदी पति कुमुद द्विवेदी निवासी रामदास नगर पो.आ. रामदास नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा नजूल शीट नं. 01 प्लाट नं. 5 रकबा 300 व.फु. भूमि स्थित है। जो कि आवेदिका के नाम पर नामांतरण हो चुका है जिसे आवेदिका आनलाईन रिकार्ड मे खसरा दर्ज कराने के लिए आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग.भू-राजस्व संहिता प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 22/12/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 4/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 21/11/25

प्रति, आवेदक श्रीमती उषा साहू पति मनहरणलाल साहू आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. शारदा दुबे सा. राजेन्द्र नगर बिलासपुर 3. बीर सिंह 4. पी.एम. नेताम सा. मोपका बिलासपुर 5.पी.के. सिंह सा. मोपका

**विषय**-सीमाकंन में उपस्थिति बाबत् एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

**संदर्भ**:न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना.तह./वा/2025/ बिलासपुर दिनांक 04/11/2025

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 43/10 रकबा 0.0140 हेक्टे. के सीमाकंन हेतु आवेदक श्रीमती उषा साहू निवासी चिंगराजपारा बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार अति तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 15/12/2025 को समय 10.00 से 05.00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 24.11.2025

श्री अहमद खान आत्मज श्री रियाज खान उम्र 21 वर्ष निवासी वा.क्र. 08 महमंद थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी अंजना साहू आत्मजा श्री संतोष साहू उम्र 19 वर्ष निवासी वा.क्र. 09 लालखदान महमंद थाना तोरवा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 29.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



अहमद खान



अंजना साहू

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**न्यायालय माननीय नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 बिलासपुर छ.ग.**

**समंस नोटिस**

प्रकरण क्रमांक 357/25
पेशी तारीख 27/01/26
आदेश दि. 24.11.2025
प्रोसेस क्रमांक 1080

नरसिंह ................ वादी।

बनाम

जिला शिक्षाधिकारी बिलासपुर
अन्य 02...... प्रतिवादीगण।

प्रति, आम जनता जिसका संबंध हो।

इस न्यायालय में वादी नरसिंह पिता स्व. शीतल कुमार निवासी नयापारा सिरगिट्टी बिलासपुर छ.ग. के द्वारा एक व्यवहार वाद वास्ते घोषणा हेतु इस आशय का पेश किया है कि उसके पिता शीतल कुमार का नाम उसके प्रवेश पंजी में शीतल प्रसाद अंकित कर दिया गया है जिसे सुधार किये जाने बाबत पेश किया है जिसकी आगामी सुनवाई दिनांक 27.01.2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय एवं अर्धशासकीय को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 27.01.2026 को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है यदि सुनवाई तारीख मे कोई उपस्थित नही होता है तो उक्त प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा।

यदि किसी कारण वश उक्त सुनवाई तिथि को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

स्थान बिलासपुर, दिनांक 03/12/2025
(कु. कोनिका यादव)
नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./Q/ तह./ रा.नि./ सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 26/11/2025

प्रति, 1. आवेदक अर्जुन भोजवानी पिता स्व. सेवकराम 2. दादूरैय्या सिंह पिता डी.डी. सिंह म.नं. MIGC-13 नेहरू नगर बिलासपुर मो. 9300322457 3. संतराम वाधवानी 4. प्रभारी अधिकारी, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नेहरू नगर, बिलासपुर

विषय:- सीमांकन के समय उपस्थित होने बावत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक /Q/ तह./रीडर/2025 बिलासपुर, दिनांक 11.11.2025

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक अर्जुन भोजवानी पिता स्व. सेवकराम निवासी गोड़पारा, बिलासपुर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम कुदुदण्ड प.ह.न. .... रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 350/3 रकबा 0.0360 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन / स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 11.12.2025 को दोपहर समय 01.00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप:- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

आवेदक का मोबाइल नंबर:-9827844415

**राजस्व निरीक्षक**
**सरकंडा, तहसील बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सरगांव तहसील - सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक/क्यू./रा.नि.मं./सरगांव/2025
दिनांक 04/11/25

प्रति,
1/ रामकुमार पि. तिजऊ ...आवेदक... 2/ परदेशी पि. सुंदर लाल 3/अभिनव स्वर्णकार/ आलोक स्वर्णकार 4/भोला पि.परमेश्वर।

**विषय:** सीमांकन के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम चुनचुनिया प.ह.नं.-18 रा.नि.मं.-सरगांव, तहसील-सरगांव, जिला-मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 10/8 रकबा 0.506 हे. भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार सरगांव/ अनुविभागीय अधि. (रा.) में आवेदक रामकुमार पिता तिजऊ द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके परिपालन में न्यायालय तहसीलदार सरगांव/अनुविभागीय अधि. (रा.) के ज्ञापन क्रमांक क्यू./वा./2025 सरगांव/ पथरिया/मुंगेली के आदेश दिनांक -28/08/25 के परिपालन में दिनांक -10/12/25 को समय 12 से 03 बजे के मध्य में सीमांकन किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध एवं चौहद्दी पक्षकार अपने समस्त दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की स्थिति में आप स्वयं जवाबदार होंगे। अनुपस्थिति उपरांत आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**टीप:**-उक्त सीमांकन में आवेदक मजदूर की व्यवस्था स्वयं करेगा उक्त कार्य दिवस में अन्य शासकीय आवश्यक कार्य आ जाने से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**सरगांव**

**इत्तिलानामा**

मोहतरमा साहिबा यासीनी बिन्त शेख सलीम सा (1) साकिन आश्रय परिसर सीरगिट्टी मकान मालिक का नाम मनोज कुमार है बिलासपुर (छ.ग.)

अस्सलामो अलैकुम!

आप के शौहर शेख शमीम वल्द शेख मुन्ना खान सा. (2) साकिन शंकर नगर चुचुहिया पारा ओवर ब्रीज के पास बिलासपुर (छ.ग.) ने दारूल कजा मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन बैजनाथ पारा रायपुर (छ.ग.) में अपने कुछ घरेलु मामलात रखें हैं। जिस पर आप को कौंसिलिंग के लिये इत्तेला नामा 08/08/2025 को, और फिर दूसरी बार 20/08/2025 को तीसरा इत्तेला नामा 15/11/2025 को दिया गया। जिस पर आज 03/12/2025 तक आपका कोई जवाब नहीं आया। और अब चौथा और आखिरी इत्तेला नामा अखबार के जरिये दिया जा रहा है।

लेहाजा आप 15 दिन के अन्दर आकर मामला हल कर लें ताकि किसी भी फरीक की हक तलफी न हो। और आपसी बैठक से मामला हल हो जाये। वर्ना 15 दिन के बाद यक तरफा फैसला कर दिया जायेगा।

फकद दुआगो
मुफ्ती मो. आरिफ अली फारुकी (अजहरी)
चीफ काजिए शहर मोहतमिम मदरसा
इस्लाहूल मुस्लेमीन व दारूल यतामा
मुहम्मद चीफ काजी रायपुर नायब मोहतमिम
इस्लाहुल मुस्लिमीन वा दारूल यतामा
बैजनाथपारा रायपुर छ.ग. 7869881817

**न्यायालय अति. तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक //क/वा/तह./2025
सकरी दिनांक//2025

एदत द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका दीपनारायण पिता/पति रामरतन निवासी ग्राम करहीपारा निरतू तह सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम निरतू प.ह.न. 53 रा.नि.म. पेण्डारी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 1968/4 ख, 1963/4ग, 1968/4घ रकबा 0.18ए., 0.18ए., 0.18ए. भूमि का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 10/12/25 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

अति तहसीलदार, सकरी

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 25/11/2025

ग्राम कुदुदण्ड के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुदुदण्ड प.ह.न. 34 तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.न. 247/9 रकबा 0.05 एकड़ हेक्टेयर/ एकड / वर्गफूट भूमि की नवीन / द्वितीय ऋण पुस्तिका के लिए आवेदक दुर्गा प्रसाद गढ़ेवाल पिता स्व. राम गढेवाल निवासी अमेरी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 10/12/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 25/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### अगहन के अंतिम गुरुवार को महालक्ष्मी का व्रत व पूजन



**मुंगेली।** मार्गशीर्ष अगहन माह के पांचवें और अंतिम गुरुवार भक्ति भाव से मनाया गया। इस विशेष दिन पर सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार माता महालक्ष्मी का व्रत और पूजन विधि-विधान से किया गया। व्रतियों ने सुख-समृद्धि और धन-धान्य की कामना से देवी लक्ष्मी की आराधना की। इस अवसर पर घरों और मंदिरों में सुबह से ही भक्तिमय वातावरण देखा गया। महिलाओं ने नियमानुसार कलश की स्थापना कर देवी लक्ष्मी का आह्वान किया। पूजन से पहले घरों के आंगन और मुख्य द्वार को चावल के आटे से बनी रंगोली से सजाया गया। यह परंपरा मां लक्ष्मी के स्वागत का प्रतीक मानी जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मार्गशीर्ष अगहन मास भगवान श्री कृष्ण को अत्यंत प्रिय है, और इस महीने के गुरुवार का व्रत साक्षात देवी महालक्ष्मी को समर्पित है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से घर में स्थिर लक्ष्मी का वास होता है, जिससे सुख, शांति और वैभव की प्राप्ति होती है।

### कृष्ण चरित्र एक विलक्षण और बहुआयामी व्यक्तित्व : पं उपाध्याय



**लगरा।** राजेंद्र कुमार, राकेश केसरवानी के द्वारा केसरवानी भवन इमलीपारा बिलासपुर में अपने माता-पिता की स्मृति में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण में कथा वाचक पंडित सृजन रामभिक्षुक उपाध्याय ने कहा कि, कृष्ण का चरित्र एक बहुआयामी और विरोधाभासी महानायक का है, जिन्होंने ज्ञान, कर्म और भक्ति का समन्वय प्रस्तुत किया। उन्होंने मनुष्य जाति को एक नया जीवन दर्शन दिया, राजनीति और दर्शन में निपुणता दिखाई और महाभारत में अर्जुन के सारथी बनकर गीता का उपदेश दिया। वे एक कुशल राजनेता, दार्शनिक और करुणामय देव थे, जिन्होंने कंस जैसे अत्याचारियों का वध किया और नरकासुर से छुड़ाई गई महिलाओं को समाज में सम्मान दिलाया। कृष्ण चरित्र एक विलक्षण और बहुआयामी व्यक्तित्व है, जिसमें एक दार्शनिक, राजनीतिज्ञ, योद्धा और भक्त के कई गुण समाहित हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। कथा के क्रम में 6 दिसंबर को उद्धव-कृष्ण चर्चा, दत्तात्रेय के 24 गुरु की कथा, मार्कंडेय की कथा, 7 दिसंबर को हवन शस्त्रधारा, ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जाएगा।

### यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने नगर में चालानी कार्रवाई



**मुंगेली।** नगर पालिका क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु चालानी कार्रवाई की गई। इस अभियान में एसडीएम अजय शतरंज, तहसीलदार, सीएमओ मुंगेली, यातायात प्रभारी तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम शामिल रही। टीम ने शहर के मुख्य मार्ग, बाजार क्षेत्र और व्यस्त चौराहों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले वाहनों एवं दुकानों पर चालानी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों, फुटपाथ व मार्ग अतिक्रमण करने वाली दुकानों, तथा नियम विरुद्ध चल रहे व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर त्वरित जुर्माना लगाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि, शहर में बढ़ती भीड़ और अव्यवस्थित ट्रैफिक से आम नागरिकों को परेशानी हो रही है, जिसे देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान टीम ने दुकानदारों और वाहन चालकों को निर्देशित किया कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें, वाहन निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। अधिकारियों ने कहा कि, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 10 सहकारी बैंकों से किसानों को किया जा रहा भुगतान




**मुंगेली।** शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए एवं किसानों को आसान भुगतान सुविधा प्रदान करने के लिए प्रशासन द्वारा पूरी तत्परता से कार्य किया जा रहा है। जिले के कुल 10 सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को धान की राशि का सुविधापूर्वक भुगतान किया जा रहा है। किसानों को बैंक में लाइन लगने की समस्या ना हो, उन्हें आसानी से भुगतान की सुविधा मिले, इसके लिए जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को एटीएम कार्ड की सुविधा प्रदान की गई है एवं चेक बुक प्रदान किया गया है। सीसीबी नोडल संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि, जिले के सभी 66 समितियों में माइक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है, और किसानों को एटीएम के माध्यम से आसानी से नकद भुगतान के सुविधा प्राप्त हो रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि, प्रतिदिन 1 हजार से अधिक किसानों को बैंक से नगद भुगतान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि, अब तक 16 हजार से अधिक किसानों ने धान विक्रय किया है और 12 हजार 800 से अधिक किसानों को नगद भुगतान किया जा चुका है।

---

### आज भी सड़क परिवहन पर निर्भर हैं अंचल के लोग

# डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन परियोजना ठप, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन परियोजना लंबे समय से ठप पड़ी है। नागरिकों में अब यह चर्चा होने लगी है कि, कटघोरा, मुंगेली, कवर्धा, डोंगरगढ़ रेल लाइन कहां गायब हो गई है, क्या सरकार ने इस परियोजना को बंद कर दिया है। परियोजना के अधर में लटके रहने से मुंगेली और कबीरधाम जैसे जिले आज भी सड़क परिवहन पर निर्भर हैं।

औद्योगिक निवेशक नए प्रोजेक्ट लाने से बच रहे हैं और कोरबा-डोंगरगढ़ के बीच माल ढुलाई की लागत दोगुनी बनी हुई है। युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं, और पर्यटन स्थलों तक कठिन पहुंच के चलते संभावित आय भी घट रही है। क्षेत्र में रेल लइन दिवास्वप्न बनने से नागरिकों में आक्रोश बढ़ रहा है। लोगों का मानना है कि, भाजपा सरकार कटघोरा-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लइन को भूल गई है। रेल बजट 2025-26 में प्रदेश के रेल विकास के लिए 6 हजार 925 करोड़ का आबंटन किया है। जिसमें कटघोरा–मुंगेली–कवर्धा–डोंगरगढ़ रेल लाईन का कही कोई उल्लेख नहीं किया गया है। रेल बजट में क्षेत्रवासियों को प्रदेश सरकार की पिछली बजट में 300 करोड़ की घोषणा भी झुनझुना साबित हुई। भाजपा शासन में



रेल लइन के लिए किए गए गई भूमिपूजन के बाद कई वर्षों से इस पर कोई काम न होना क्षेत्र की उपेक्षा है। भूमि अधिग्रहण विवाद, किसानों की आपत्तियां, मुआवजे पर असहमति, राजनीतिक बदलाव और विभागीय समन्वय की कमी, इन सभी वजहों ने परियोजना को रोक दिया है। अगस्त 2025 की रिपोर्ट के अनुसार परियोजना पर अब तक लगभग 800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन ग्राउंड पर एक इंच ट्रैक भी नहीं बिछा है। न स्टेशन बिल्डिंग दिखती है, न मशीनरी, कई जगहों पर तो भूमि अधिग्रहण भी शुरू नहीं हुआ।

#### विभागों में जिम्मेदारी को लेकर भ्रम

एसईसीआर बिलासपुर कंस्ट्रक्शन विभाग के सूत्रों ने बताया कि, निर्माण कार्य की पूरी जिम्मेदारी रेलवे के पास है। अब तक विभाग को कोई आधिकारिक निर्देश प्राप्त नहीं हुए।

#### सात साल में सिर्फ कागजी प्रगति

पिछले सात वर्षों में सिर्फ प्रारंभिक सर्वे, डीपीआर, भूमि चिहंकन और बजट आवंटन जैसी कागजी प्रक्रियाएं पूरी हुईं हैं। कई दौर की बैठकों के बावजूद वास्तविक कार्य शून्य है। नागरिकों में अब यह चर्चा होने लगी है कि, कहीं सरकार ने इस परियोजना को बंद कर दिया है।

#### देरी के कारण बढ़ा जन आक्रोश

रेल लइन पर कार्य नहीं होने से नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगर पालिका के वरिष्ठ पार्षद एवं प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी अरविंद वैष्णव ने कहा कि, डबल इंजन वाली भाजपा सरकार में क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि, पूर्व में ये कहते थे कि, प्रदेश में कांग्रेस सरकार रेल लइन के मामले में सहयोग नहीं कर रही है, अब जबकि दोनों जगह भाजपा की सरकार है, तो इस मार्ग के रेल लाईन निर्माण के लिये प्रदेश एवं केन्द्र सरकार क्यों ध्यान नहीं दे रही है। उल्लेखनीय है कि बार-बार सर्वे के बाद 7 वर्ष पूर्व केंद्र सरकार ने कटघोरा-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लइन का भूमिपूजन किया था। उस समय उम्मीद की जा रही थी कि 5 वर्षों में यहां रेल लाइन चालू हो जाएगी। लेकिन आज 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी केन्द्र सरकार ने बजट में इसके लिए किसी भी प्रकार की राशि का आबंटन किया है। क्षेत्रीय सांसद केन्द्र सरकार के मंत्रीमंडल में शामिल हैं, फिर भी क्षेत्र की उपेक्षा हो रही है। क्षेत्रवासियों के लिए रेल लाईन एक स्वप्न बनकर रह गई है।

---

### पत्नी की गैर इरादतन हत्या, आरोपी को 10 वर्ष का कारावास




**मुंगेली।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरजा देवी मेरावी की अदालत ने पत्नी की गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी पति को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 100 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर उसे तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दोषी का नाम बनस उर्फ बनसू कुमार यादव 39 वर्ष है, जो लोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम लमनी चौकी खुड़िया का निवासी है। लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत मामले के अनुसार, घटना 7 सितंबर 2024 की है। आरोपी बनस यादव ने घरेलू विवाद के दौरान आवेश में आकर अपनी पत्नी को लात मार दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि हमले के कारण मृतिका के महत्वपूर्ण अंगों में गंभीर चोट आई, जिससे आंतरिक रक्तस्राव हुआ और उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में मृतिका की बेटी आरती की गवाही सबसे अहम रही। उसने न्यायालय को बताया कि घटना के समय माता-पिता घर पर एक साथ थे। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि, घर के भीतर हुई इस घटना के संबंध में आरोपी ने अपने बचाव में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया। न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई के बाद टिप्पणी की कि, आरोपी ने किसी सोची-समझी साजिश या तैयारी के साथ घातक हथियार से वार नहीं किया था। इसलिए इसे हत्या न मानकर गैर इरादतन हत्या माना गया एवं धारा 105 बीएनएस के तहत आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।

### पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास व अर्थदंड



**गौरेला।** पत्नी के हत्यारे को द्वितीय एडीजे कोर्ट पेंड्रारोड ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्त पर 1 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। घटना 30 सितम्बर 2023 की है, जब मरवाही क्षेत्र के ऐंठी गांव के निवासी ध्रुवदास चौधरी उर्फ वकील 35 वर्ष ने अपनी पत्नी पुष्पा बाई चौधरी की हत्या कर दी थी। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने किसी कठोर वस्तु से अपनी पत्नी के सिर व चेहरे पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन फानन में महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की और पंचनामा व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की पुष्टि हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने माना कि प्रस्तुत साक्ष्य, गवाहों के बयान और चिकित्सीय रिपोर्ट से यह सिद्ध होता है कि अभियुक्त ने जानबूझकर अपनी पत्नी की हत्या की। इसके आधार पर द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एकता अग्रवाल ने आरोपी ध्रुवदास चौधरी उर्फ वकील को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं चुकाने पर उसे 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

**मुंगेली।** न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी ने धारा 363, 366 के प्रकरण के अभियुक्त उमेश राजपूत पिता रघुनंदन राजपूत को उपरोक्त धाराओं में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000 रूपये का अर्थ दंड से दंडित किया। थाना पथरिया के अंतर्गत धारा 363, 366 भारतीय दंड संहिता एवं पॉक्सो की धारा 6 में न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार सोम द्वारा 28 नवम्बर को प्रकरण के अभियुक्त उमेश राजपूत पिता रघुनंदन राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी सकरी थाना पथरिया को उपरोक्त धाराओं में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है, तथा पीड़िता को हुई शारीरिक, मानसिक हानि और पुनर्वास हेतु 5 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की अनुशंसा भी की गई है। अभियोजन द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में 15 गवाहों को न्यायालय के समक्ष परिक्षित कराया गया। प्रकरण की पैरवी मोती लाल साहू विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

---

## राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता के लिए नवोदय के बच्चों का चयन



**मल्हार।** जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार के विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 13 एवं 14 जनवरी 2026 को जवाहर नवोदय विद्यालय रांची झारखंड में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में मणिपुर से जेएनवी उखरुल, पश्चिम बंगाल से जेएनवी पुरुलिया तथा भोपाल रीजन से जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार के विद्यार्थी शामिल होंगे। युवा संसद प्रतियोगिता भारत सरकार की एक अहम प्रतियोगिता है। संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा यह प्रतियोगिता देश के चयनित नवोदय विद्यालय के मध्य दो स्तरों पर आयोजित की जाती है, पहला क्षेत्रीय स्तर पर तथा दूसरा राष्ट्रीय स्तर पर। प्रतियोगिता का उद्देश्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना विचार विमर्श की प्रक्रिया से निर्णय तक पहुंचना, अनुशासन तथा संसदीय कार्य व्यवस्था से विद्यार्थियों को परिचित कराना है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों का चयन होने पर सहायक आयुक्त नवोदय समिति भोपाल ने शुभकामना संदेश भेजा है। साथ ही प्रभारी प्राचार्य पीसी झा, गाइड टीचर राजन कुमार, गोविंद पांडेय, डॉ विपुल कुमार शर्मा, ए बनर्जी सहित विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### विधायक लहरिया के प्रयासों से 40 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

**मस्तूरी।** विधायक दिलीप लहरिया के सतत प्रयासों एवं अनुशंसा से विधानसभा क्षेत्र में कुल 40 लाख रूपए के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। वार्ड क्रमांक 42 शहीद चंद्रशेखर आजाद नगर व वार्ड क्रमांक 43 बंशीलाल धृतलहरे नगर में सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड और शहीद वीर नारायण सिंह आदमकद प्रतिमा स्थापना निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली हैं। नगर वासियों ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया है।

---

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत रात्रिकालीन शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

स्वास्थ्य विभाग तखतपुर द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत वार्ड 3 टिकरीपारा में विशेष रात्रिकालीन फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर देर रात तक संचालित रहा, जिसमें पात्र नागरिकों के रक्त के नमूने लेकर फाइलेरिया की पुष्टि हेतु परीक्षण किया गया।

रात्रिकालीन परीक्षण का उद्देश्य मच्छरजनित रोग फाइलेरिया की समय पर पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना, तथा समुदाय में इसके प्रसार को रोकना था। स्वास्थ्य विभाग की टीम, एलटी, एएनएम तथा मलेरिया नियंत्रण कर्मचारियों ने घर-घर पहुंच कर जागरूकता फैलाने के साथ ही, परीक्षण की प्रक्रिया को पूर्ण किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों को सफल बनाया।

विभाग द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि, वे समय-समय पर आयोजित ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में अनिवार्य रूप से भाग लें, तथा फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा सेवन और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर पार्षद कोमल सिंह ठाकुर, जितेंद्र शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग केटेक इन्द्रसेन मसीह, पर्यवेक्षक कैलाश जायसवाल, आरएचओ ममता पोर्ते, विवेक निर्मल कर, शांति साहू, मितानिन मीना ठाकुर, नीतू ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पत्रों की जांच के बाद प्रत्याशियों के नाम की घोषणा



**तखतपुर।** अधिवक्ता संघ निर्वाचन हेतु उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी सीनियर अधिवक्ता हीरेंद्र कश्यप ने उपाध्यक्ष के ही अन्य प्रत्याशी पारथ सिंह ठाकुर के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस लिया। अधिवक्ता संघ तखतपुर के निर्वाचन के लिए नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद पत्रों की जांच की ओर प्रत्याशियों का नाम जांच उपरांत सही पाए गए। इसमें अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप तिवारी, सत्येंद्र जायसवाल, उपाध्यक्ष पारथ सिंह ठाकुर निर्विरोध, सचिव के लिए मलय कुमार जहानी, अजयपाल सोनकर, कोषाध्यक्ष के लिए नैनलाल साहू निर्विरोध, सहसचिव के लिए दुर्गा सिंह ठाकुर निर्विरोध, सांस्कृतिक सचिव रविकांत सोनी निर्विरोध, कार्यकारणी सदस्य दीपक देवांगन, श्रवण मिश्रा, आनंद बंशल भारत तोलानी, प्रदीप यादव, सनत यादव, सुखनंदन कश्यप, ललित यादव, हरेश कश्यप रविशंकर कौशिक हैं।

## गर्ल्स स्कूल की छात्राओं की इंटर्नशिप शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शासकीय कन्या उमा विद्यालय तखतपुर में संचालित व्यवसायिक शिक्षा रिटेल ट्रेड विषय के अंतर्गत अध्ययनरत छात्राओं की इंटर्नशिप ऑन जॉब ट्रेनिंग विभिन्न प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में प्रारंभ हो गई। प्राचार्य नरेंद्र राजपूत ने बताया कि, इस इंटर्नशिप का उद्देश्य छात्राओं को रिटेल सेक्टर में आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान, ग्राहक सेवा, स्टॉक प्रबंधन, बिलिंग, संप्रेषण कौशल तथा कार्यस्थल शिष्टाचार का प्रत्यक्ष अनुभव कराना है। विद्यालय द्वारा क्षेत्र के प्रमुख प्रतिष्ठानों कृष्णा क्लॉथ स्टोर्स, वासुदेव स्टोर्स, एथ्री मार्ट के साथ समन्वय कर छात्राओं को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण में प्रशिक्षण हेतु भेजा गया है। जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि, इस प्रशिक्षण से छात्राओं को रोजगारोन्मुखी दक्षता प्राप्त होगी तथा भविष्य में स्वयं के व्यवसाय या नौकरी के अवसरों में वृद्धि होगी। विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को इंटर्नशिप के लिए प्रतिवर्ष विभिन्न प्रतिष्ठानों में भेजकर व्यवहारिक ज्ञान दी जाती है। इस अवसर पर प्रशिक्षक अंकित विश्वकर्मा, गिरधारी वैष्णव, चंचल कारड़ा, आशिष सागर टेकचंद कारड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

**कलेक्टर ने किया पथरिया के धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण**

## लापरवाही पर अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश



**पथरिया।** जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने गुरुवार को पथरिया के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सिलतरा, पड़ियाईन और धरदेई उपार्जन केन्द्रों में अब तक कुल धान खरीदी, बारदाने की उपलब्धता, पंजीकृत किसानों की संख्या, रकबा समर्पण व केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली, और खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि, धान खरीदी शासन का महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समिति प्रबंधकों को सुव्यवस्थित धान खरीदी करने और किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने केन्द्रों में गेट पास एंट्री, फोटो अपलोडिंग, रिकॉर्ड अपडेट तथा धान खरीदी से जुड़े सभी तकनीकी और प्रबंधकीय पहलुओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने खरीदी केन्द्रों में नमी मापक यंत्र से धान की नमी जांच की और खरीदी प्रभारी को शासन के नियमानुसार धान खरीदी करने, व्यवस्थित स्टेकिंग कराने निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीदी की पर्याप्त जानकारी नहीं देने पर नायब तहसीलदार चंदन दुबे को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने केन्द्र में अव्यवस्था मिलने पर धरदेई खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी प्रीतेश अहिरवार व खरीदी प्रभारी कार्तिक राम तथा पड़ियाईंन उपार्जन केंद्र प्रभारी और ऑपरेटर, सहकारिता निरीक्षक, फूड इंस्पेक्टर को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से बातचीत कर टोकन सहित खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, किसानों को बैंक भुगतान आदि की समस्या ना हो। उपार्जन केंद्र सुविधायुक्त एवं सुसज्जित होना चाहिए। किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं मिले, अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें। किसी भी तरह की गड़बड़ी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने केंद्रों में किसानों के लिए छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था मजबूत करने तथा कोचियों और बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बच्चों ने किया ऊर्जा पार्क का शैक्षणिक भ्रमण



**सीपत।** स्कूल शिक्षा विभाग, कलेक्टर व जिला पंचायत बिलासपुर के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं समग्र शिक्षा मिशन कार्यालय के निर्देशन में विखं मस्तूरी के 42 मेधावी बच्चों को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत ऊर्जा पार्क, राजकिशोर नगर बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

गणित एवं विज्ञान विषयों में उत्कृष्ट दक्षता रखने वाले इन बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों एवं ऊर्जा संरक्षण संबंधी ज्ञानवर्धक विषयों को नजदीक से समझा। ऊर्जा पार्क में बच्चों ने नवग्रह तारा मंडल, चुम्बकीय तत्वों की उपस्थिति, कचरा प्रबंधन, ऊर्जा के स्त्रोत, पर्यावरण संरक्षण तथा विज्ञान आधारित कई स्थायी मॉडलों का अवलोकन किया। साथ ही पार्क में स्थित प्राकृतिक वनस्पतियों, फूलों, खेल-व्यायाम संबंधी उपकरणों व एडवेंचर गतिविधियों का अनुभव भी लिया। इस दौरान बीआरसी सूरज क्षत्री ने कहा कि, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का मजबूत बीज बो रहा है। यह केवल भ्रमण नहीं, बल्कि भविष्य की प्रयोगशाला है। बीईओ शिवराम टंडन ने कहा कि, बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षण के साथ प्रयोग आधारित सीखने का अवसर देना ही राष्ट्रीय अविष्कार अभियान का मूल उद्देश्य है।

ऊर्जा पार्क भ्रमण ने बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोच, पर्यावरणीय समझ और तार्किक दृष्टि को और मजबूत किया है। कार्यक्रम में विखं शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन, बीआरसीसी सूरज क्षत्री, संकुल समन्वयक प्रमोद पाण्डेय, पुरुषोत्तम धृतलहरे, अकाउंटेंट हिमांशु शर्मा, शिक्षिका आशा उज्जैनी, सुनीता टांडे तथा भृत्य दीपक शर्मा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 113 लीटर महुआ शराब सहित 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर**। पुलिस ने अलग अलग जगहों में दबिश देकर एक महिला सहित तीन लोगों को पकड़कर उनके पास से 113 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग को सूचना मिली ग्राम गौबंद, लमेर, दरीकापा में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाकर बिक्री की जा रही है। उन्होंने स्टाफ के साथ गांवों में दबिश देकर विजेन्द्र मानिकपुरी पिता स्व. गणेश मानिकपुरी 31 साल गौबंद लमेर, मनीषा केंवट पति गंगाराम केंवट 33 साल लमेर, राकेश आनंद पिता स्व. राजेश आनंद 40 साल दरीकापा निवासी के घरों में दबिश देकर 113 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### कट मारने के विवाद में युवक को पीटा

**बिलासपुर**। कट मारकर गाड़ी चलाने के विवाद में एक युवक की अन्य युवकों ने हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा संगीत विद्यालय के पास रहने वाले रोहित कुमार वर्मा पिता हीराराम वर्मा 3 दिसंबर को अपने दोस्त आशीष ठाकुर के साथ स्कूटी से मेडिकल दुकान दवा लेने जा रहे थे। दयालबंद चौक के पास उनके स्कूटी के सामने से कट मारकर सोन्टू आगे निकला। उन्होंने कहा देखकर चला अभी गिर जाता। इस पर सोन्टू रूककर उनसे विवाद करने लगा। उसके बाद शांत होकर दोनों अपनी गाड़ियों से जाने लगे। संगीत विद्यालय के पास सोन्टू ने रोहित को पीछे से बेल्ट से मारा जिससे उसके सिर में चोट आई। वह स्कूट रोककर उतरा तो सोन्टू, ऋषभ, सक्षम ने मिलकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट की। पुलिस ने रोहित वर्मा की रिपोर्ट पर सोन्टू उर्फ अनमोल सोनकर, ऋषभ सोनकर, सक्षम सोनकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### भाई बहन से छींटाकशी मना करने पर दी धमकी

**बिलासपुर**। ट्यूशन छोड़ने जा रहे भाई बहन से अश्लील शब्दों का



उपयोग कर बदमाश युवक छींटाकशी करने लगे। भाई ने मना किया तो युवकों ने मारपीट कर चाकू दिखाकर धमकी देने लगे। पुलिस ने युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मुंगेली जिला में रहने वाला युवक अपनी दो बहनों के साथ क्षेत्र में किराए में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। 4 दिसंबर को उसकी बहन ने बताया, वह ट्यूशन जाती है तो इरानी मोहल्ला के कुछ लड़के छींटाकशी करते हैं। इससे सुबह 11 बजे वह अपनी बहन को घर से ट्यूशन छोड़ने जा रहे थे। इरानी मोहल्ला में युवकों के द्वारा उन्हें देखकर गाली गलौज लगे साला अपनी बहन छोड़ने जा रहा है, यहां छोड़ दे। वह बाइक रोककर युवकों को गाली देने से मना किया तो एक लड़का मेरा नाम तारिक मोहसूद है कहकर मारपीट करने लगा और चाकू दिखाकर तुमको जो करना है कर लो कहकर धमकी देने लगा। इसी दौरान उसके साथियों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर तारक मोहसूद एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाश हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

---

**बैठक व्यवस्था में विवि प्रबंधन की खामी** | **स्मारिका में भी बेलतरा विधायक का संदेश नहीं, साहित्यकारों का नाम लेने से भी किया गया परहेज**

# दीक्षांत समारोह में सामने आई क्षेत्रीय विधायक सुशांत की नाराजगी

**बिलासपुर**। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में बेलतरा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला की उपेक्षा एवं नाराजगी चर्चा का विषय बनी रही। यूनिवर्सिटी बेलतरा क्षेत्र में स्थित है जहाँ के विधायक सुशांत शुक्ला हैं। दीक्षांत समारोह में बैठक व्यवस्था से नाराज विधायक सुशांत को पीछे कार्यकर्ताओं के साथ बैठना पड़ा। वहीं कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी स्वागत भाषण दौरान उनका नाम लेना भी भूल गए।



दीक्षांत समारोह के दौरान मंच में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ,राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव समेत उप मुख्यमंत्री अरूण साव और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा तथा कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी एवं रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम बैठे थे। विधायकों के बैठने की व्यवस्था मंच के सामने नीचे बनाई गई थी, जिसमें विधायकगण अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया बैठे थे। विधायकों के लिए जहां बैठने की व्यवस्था बनाई गई थी उस जगह पर निगम, मंडल, आयोगों के अध्यक्ष आदि बैठ गए थे, जब सुशांत शुक्ला कार्यक्रम स्थल पहुंचे तो उनकी जगह पर दूसरे लोग बैठे थे, इसलिए सुशांत पीछे कार्यकर्ताओं के साथ बैठ गए। कुलपति वाजपेयी ने जब मंच से स्वागत भाषण दिया तब उन्होंने सभी विधायकों के नाम लिए पर सुशांत का नाम नहीं लिया। बाद में जब उन्हें ध्यान आया तब उन्होंने सुशांत का यह कहते हुए नाम लिया कि उनके क्षेत्र में ही सारी यूनिवर्सिटी आती हैं।

मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद को स्मारिका देने के लिए सभी विधायकों को मंच पर बुलाया गया तब यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार श्री गौतम ने उनका नाम पुकारा पर वे मंच पर नहीं पहुंचे। यह बात चर्चा का विषय रही कि विवि प्रबंधन ने जो स्मारिका प्रकाशित करवाई उसमें भी विधायक सुशांत शुक्ला का संदेश नहीं छपा है। इसे लेकर भी वे खासे नाराज दिखे। यह भी चर्चा रही कि विवि के अधिकारियों ने जिन साहित्यकारों और प्रबुद्धजन के नाम पर गोल्ड मेडल दिए जाते हैं उनका नाम लेने से परहेज किया।

### बैठक व्यवस्था यूनिवर्सिटी को करनी थीः सुशांत

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का कहना है कि यूनिवर्सिटी अपने कार्यक्रम में आमंत्रित करती है तो बैठक व्यवस्था भी करना चाहिए। विधायकों के लिए छोटा अलग से मंच बनाया गया, जिसमें पहले से मेरे सीनियर बैठे थे और निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष लोगों की बैठक व्यवस्था नहीं की गई थी। वे सभी भी वहां बैठे थे। स्थानीय विधायक होने के नाते मैंनें उन्हें सम्मान दिया और मैं पीछे जाकर बैठ गया। पूर्व राष्ट्रपति आए हैं मंच की गरिमा होनी चाहिए थी, किन्तु सारे विधायकों को एक साथ मंच पर बुला लिए। मंच तक समय पर नहीं पहुंच पाता इसलिए वहीं बैठा रहा।

### जनप्रतिनिधि का अपमान समझ से परेः विजय

जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी ने इस संबंध में अपना बयान जारी कर दीक्षांत समारोह में स्थानीय विधायक की उपेक्षा को समझ से परे बताया है। उनका कहना है कि सत्ताधारी दल के स्थानीय विधायक होने के नाते यूनिवर्सिटी प्रशासन की यह जिम्मेदारी बनती है कि जनप्रतिनिधि को उचित सम्मान मिले, जबकि यूनिवर्सिटी बेलतरा विधानसभा अंतर्गत आती है। उनका कहना है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की जितनी निंदा की जाए वह कम है। क्योंकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जब उपेक्षा कर रहे हैं तो छात्रहित में ये क्या काम करेंगे।

---

**अधूरी रिटेनिंग वॉल के बाद सालभर से बंद पड़ा काम**

# मिनीमाता तालाब पुनर्विकास, 15 करोड़ की योजना पर फिरा पानी



तालापारा स्थित मिनी तालाब का अधूरा निर्माण।



तालाब में चारो ओर फैली गंदगी और जलकुंभी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी के तहत तालापारा स्थित मिनीमाता तालाब के पुनर्विकास की योजना पर पानी फिरते नजर आ रहा है। स्मार्ट सिटी द्वारा 15 करोड़ 49 लाख राशि की लागत से मिनीमाता तालाब को संवारने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया के बाद काम चालू हुआ था और अधूरे रिटेनिंग वॉल का निर्माण करने के बाद सालभर से काम को बंद कर दिया गया है। अब यह योजना ठंडे बस्ते में जाते वाला है।

शहर के तालापारा स्थित मिनीमाता तालाब को टूरिस्ट स्पॉट के रूप में बनाने के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा तालाब के पुनर्विकास, सौंदर्यीकरण की योजना बनाई गई थी। इस योजना के अनुसार 15 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से तालाब का पुनर्विकास किया जाना था, जिसमें पूरे तालाब की सफाई और पानी को शुद्ध करने के लिए एसटीपी निर्माण किया जाना था। तालाब के मेढ़ पर 950 मीटर का पाथवे बनाया जाना था और तालाब के किनारे आकर्षक 11 परगोला बनाना था। इसी तरह तालाब पहुंचने वालों के लिए बोटिंग की सुविधा के साथ तालाब के अंदर फिश हाउस भी बनाना था, जिसे बोटिंग के जरिए देखा जाता। इसके अलावा तालाब में रिटेनिंग वॉल, चौपाटी, फाउंटेन, लैंड स्कैपिंग, प्लांटेशन, कियोस्क और आकर्षक लाइट लगनी थी तथा केंटीन एवं फूड जोन भी बनाना था। इस तालाब में काफी पानी भरा था, इसलिए पहले मोटरपंप के जरिए तालाब का पानी किया गया, उसके बाद रिटेनिंग वॉल का काम चालू हुआ था। तालाब के किनारे-किनारे अधूरा रिटेनिंग वॉल का निर्माण हुआ है, उसके बाद सालभर से वहां काम बंद पड़ा है।

स्मार्ट सिटी की ओर से पूर्व में ठेका कंपनी को नोटिस जारी किया गया था, उसके बाद भी काम चालू नहीं हो पाया। स्मार्ट सिटी में यह चर्चा है कि तालाब पुनर्विकास की यह योजना अब ठंडे बस्ते में चली जाएगी।

### बेजा-कब्जा हटाने व शिफ्टिंग का काम बाकी

तालापारा स्थित मिनीमाता तालाब का सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा था। लेकिन इस काम में तालाब की मेढ़ पर बेजा कब्जा सबसे बड़ी समस्या थी। इसके लिए नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया और बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। तालाब के मेढ़ पर बेजा कब्जा में बने मकानों को तोड़ा गया और वहां के कुछ प्रभावित परिवारों को दूसरे जगहों पर शिफ्ट किया गया। लेकिन उसके बाद भी वहां पर अभी भी कुछ बेजा कब्जा बच गया है, जिसे हटाया नहीं जा सका है।

### समय सीमा भी हो चुकी समाप्त

स्मार्ट सिटी द्वारा तालापारा मिनीमाता तालाब के पुनर्विकास, सौंदर्यीकरण कार्य के लिए जुलाई 2022 में वर्क आर्डर जारी किया गया था। संबंधित ठेकेदारा को दिसंबर 2023 तक तालाब सौंदर्यीकरण का काम पूरा कर लेना था, लेकिन साईट क्लियर नहीं था और तालाब में पानी भरा था तथा तालाब के मेढ़ पर बेजा-कब्जा पर मकान बने हुए थे, इसलिए तालाब का काम भी विलंब से शुरू हो पाया था। इधर टेंडर अवधि के अनुसार समय सीमा भी समाप्त हो चुका है।

### मशीन से निकाली गई थी जलकुंभी

तालापारा मिनीमाता तालाब में चारों तरह गंदगी था और जलकुंभी फैल गई थी, इसलिए तालाब की पहले सफाई करानी थी। इसके लिए पहले एक बार मशीन के जरिए तालाब से जलकुंभी को निकलवाई गई थी। लेकिन काम बंद होने के कारण बाद में तालाब फिर से जलकुंभी से पट गया है और तालाब पुरानी स्थिति में नजर आने लगी।

### ठेकेदार को नोटिस दिया गया था

तालापारा तालाब का पुनर्विकास की योजना स्मार्ट सिटी अंतर्गत बनाई गई थी। टेंडर के बाद काम शुरू हुआ था, किन्तु अधूरे रिटेनिंग वॉल के बाद लंबे समय से काम बंद पड़ा है। ठेकेदार को पहले नोटिस दिया गया था। इस काम का फिलहाल अभी टेंडर निरस्त नहीं हुआ है।

**-एसपी साहू**
प्रबंधक, स्मार्ट सिटी

---

**लटक जाएगा जनवरी का खाद्यान्न आबंटन**

# पौने दो लाख लोगों ने नहीं कराया ई-केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाद्यान्न लेने में दिलचस्पी नहीं दिखाने, लेकिन राशनकार्ड में नाम जोड़े रखने वाले जिले के करीब पौने दो लाख लोगों के लिए जनवरी माह का खाद्यान्न आबंटन जारी नहीं किया जा सकेगा। राशन कार्ड में सदस्य के रूप में शामिल इन पौने दो लाख लोगों ने विभाग पहुंचकर आज दिनांक तक अपना ई-केवायसी नहीं कराया है।

■ जनवरी माह में नहीं मिलेगा चावल

शासन द्वारा बीपीएल एवं एपीएल के वास्तविक कार्डधारियों की संख्या का पता लगाने के उद्देश्य से विभाग पहुंचकर ई-केवायसी कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अंतर्गत बीपीएल श्रेणी के कार्डधारियों द्वारा तो अपना ई-केवायसी करा लिया गया है, लेकिन एपीएल कार्डधारी इसमें दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। शासन द्वारा ई-केवायसी के लिए लगातार मियाद बढ़ाई जाती रही है, लेकिन आज की दशा में भी जिले में 1 लाख 85 हजार 570 लोगों के द्वारा ई-केवायसी नहीं कराया गया है।

जिले मे राशन कार्डधारियों की कुल संख्या 5 लाख 66 हजार 197 है , जिनमें 18 लाख 28 हजार 194 सदस्यों के नाम दर्ज हैं। इनमें से 15 लाख 68 हजार 784 सदस्यों के ई-केवायसी पूर्ण किए जा चुके हैं, वहीं 2 लाख 59 हजार 410 लोगों ने अब तक ई-केवायसी नहीं कराया है। हालांकि इस संख्या में 73 हजार 840 लोग ऐसे हैं, जो पांच वर्ष से कम उम्र के हैं, जिससे प्रशासन द्वारा ई-केवायसी नहीं कराने वालों की वास्पविक संख्या 1 लाख 85 हजार 570 ही माना जा रहा है। जो कि कुल संख्या का दस प्रतिशत है।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में केवायसी के आधार पर खाद्यान्न आबंटन की मांग की जाएगी। ऐसी स्थिति में यह तय है कि बिना केवायसी वाले मामलों में संबंधित सदस्यों के खाद्यान्न आबंटन जारी न किए जाएं।

### समय रहते अपडेट कराएं ई केवायसी

जिले में करीब दस प्रतिशत लोगों ने अब भी अपना ई-केवायसी अपडेट नहीं कराया है। समय रहते ई-केवायसी अपडेट कराने चाहिए ताकि भविष्य में आबंटन रोकने जैसी कोई कार्रवाई संबंधितों पर न की जा सके।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### सर्वश्रेष्ठ रील के लिए 50 हजार इनाम मिलेगा

**बिलासपुर**। जल संरक्षण एवं वाटरशेड विकास कार्यो में जनभागीदारी बढ़ाने तथा जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से केन्द्र एवं राज्य शासित प्रदेश सरकारों के सहयोग से जलग्रहण विकास कार्यो में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भूमि संसाधन विभाग द्वारा ''वाटरशेड महोत्सव'' का आयोजन किया जा रहा हैं। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर तक होगी। इच्छुक व्यक्ति जल संचय संरचनायें, बागवानी, कृषि, वानिकी एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना डब्ल्यूडीसी 2.0 एवं 1.0 सहित जलग्रहण योजनाओं के ंतर्गत निर्मित संरचनाओं और उनसे लाभान्वित समुदाय को दर्शाते हुए 30 से 60 सेकण्ड का लघु वीडियों, रील या फोटो तैयार कर सकता हैं।

---

# मोबाइल में बात करने से मना किया तो पत्नी ने दांत से काटी कलाई

**बिलासपुर**। रात 11 बजे मोबाइल फोन से बात कर रही पत्नी को मना करना पति को भारी पड़ गया। नाराज पत्नी ने पति के साथ मारपीट करते हुए उसकी कलाई को दांतों से काट दिया, पति ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। पुलिस ने पत्नी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, व्यापार विहार में किराए के मकान में रहने वाले मुकेश साहू पिता पंचराम साहू ने वर्ष 2023 में रागिनी यादव के साथ आर्य समाज में प्रेम विवाह किया था। 2 दिसंबर की रात 11 बजे उसकी पत्नी मोबाइल में किसी से बात कर रही थी। उसने पत्नी को मोबाइल में बात करने से मना किया तो वह आक्रोशित हो गई और पति के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगी। उसने विरोध किया तो पत्नी ने दांत से पति के दोनों हाथ की कलाई का काटकर जख्मी कर दिया और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश। उसके बाद अपने दोस्तों को बुलाकर जान से मरवा देने की धमकी देने लगी। किसी तरह वह पत्नी के चंगुल से छूटकर भागकर थाना आए और रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पत्नी रागनी यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# सरकण्डा क्षेत्र में चोरों का आतंक 1 दुकान, 6 मकानों का तोड़ा ताला

**बिलासपुर**। सरकण्डा क्षेत्र में चोरों ने आतंक मचाते हुए एक दुकान से नकद रकम, सीसीटीवी कैमरेका डिवीआर व 6 मकानों का ताला तोड़कर चोरी की गई है। चोरी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बैमा साहू मोहल्ला निवासी रामफल साहू पिता मुन्ना साहू ने रिपोर्ट लिखाई। वे गांव में जनरल स्टोर चलाते हैं। 13 नवंबर की रात 8 बजे दुकान बंद कर वे अपने घर चले गए थे। उसके बाद किसी कारण से दुकान नहीं खोल रहे थे। 3 दिसंबर की सुबह 6.30 बजे दुकान जाकर देखे तो ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखे तो गल्ले में रखे 12 हजार रुपए व सीसीटीवी कैमरे का डिवीआर चोरी हो गया था। गांव वालों से पता चला इसी दौरान गांव के 5 से 6 मकानों में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। चोरी की वारदात से गांव में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पुलिस गांव में जाकर दुकान व मकानों का मुआयना किया गया। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने पर चोरी करने वाले युवक की पहचान कर ली गई है। किन्तु संदेही युवक शहर छोड़कर भाग गया है। पुलिस उसकी पतासाजी में लगी हुई है। पुलिस ने रामफल साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की कोटा (करगीरोड) में एजेंसी देना है। इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 7000789166, 9303508236

# रावत नाचा देखने गए युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमलाः जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। रावत नाचा देखने युवक के साथ पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



घायल युवक।

सीपत पुलिस के अनुसार, ग्राम गुड़ी छुहियापारा निवासी नमन लोनिया पिता रामचरण लोनिया कक्षा 11 वी की पढ़ाई रहा है। 3 दिसंबर को वह दोस्तों के साथ रावत नाचा देखने गुडी बस स्टैण्ड गया था। दो माह पूर्व उसके पड़ोसी संगीत विश्वकर्मा के साथ सीपत निवासी शिवम वर्मा एवं उसके साथियों के साथ मारपीट हुई थी। जिसका उसने बीच बचाव कर समझौता कराया था। इसी रंजिश को लेकर सीपत निवासी शिवम वर्मा, विमल वर्मा अपने साथियों के साथ रावत नाचा में उसे देखकर गाली गलौज करने लगे। उसने गाली देने से मना किया तो शिवम वर्मा ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से पेट में जानलेवा हमला कर दिया।

वहीं उसके दोस्तों ने हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। चाकूबाजी की वारदात से रावत नाचा में हड़कंप मच गया। पुलिस ने नमन लोनिया की रिपोर्ट पर हमलावर शिवम वर्मा, विमल वर्मा व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 तक

**बिलासपुर**। जिले के 18 वर्ष आयु तक के बालक-बालिकाओं को असाधारण वीरता, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान करने 20 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित है। पुरस्कृत करने के लिए 1 जनवरी 2025 से आवेदन की तिथि के पूर्व तक की अवधि में विचारणीय होगी। आवेदन निर्धारित तिथि तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे जमा कर सकते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

